
दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 18 सीकर, सोमवार 16 मार्च 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर झुंझुनू आयोग के कार्यों की प्रदेश स्तर पर सराहना

### राष्ट्रीय लोक अदालत में सर्वाधिक प्रकरण निस्तारण पर अध्यक्ष मील की प्रशंसा

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन में झुंझुनू जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यों की विशेष सराहना की गई। सम्मेलन में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस देवेंद्र कच्छवाहा ने झुंझुनू आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सर्वाधिक प्रकरणों का निस्तारण कर झुंझुनू आयोग ने उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता आयोगों का मूल उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को सरल, सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है तथा झुंझुनूं जिला उपभोक्ता आयोग इस दिशा में प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मनोज कुमार मील के नेतृत्व में झुंझुनू आयोग की बेंच ने बड़ी संख्या में प्रकरणों का निस्तारण कर प्रदेश में अग्रणी स्थान प्राप्त कियाए जो पूरे राज्य के लिए प्रेरणादायक है। जयपुर में आयोजित इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में उपभोक्ता मामलों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने, उपभोक्ता अदालतों की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने तथा उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा हुई। सम्मेलन में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमरेश्वर प्रताप साही, उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा, राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जस्टिस देवेंद्र कच्छवाहा तथा उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव अम्बरीष कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोस्वामी केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय की आयुर्वेद परिषद के सदस्य मनोनीत



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** ज्ञान भारत संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी को आयुर्वेद विद्वत् परिषद् का सदस्य बनाया गया है। सरकार के क्लस्टर सेंटर विश्व गुरु दीप आश्रम शोध संस्थान श्याम नगर जयपुर में महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी के सान्निध्य में आयोजित बैठक में इस परिषद् का गठन किया गया। ज्ञान भारतम् के समन्वयक डॉ सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों एवं हस्तलिखित पांडुलिपियों पर शोध, संरक्षण और प्रकाशन के विषय पर विस्तार से परिचर्चा की गई। ज्ञानेश्वर पुरी ने कहा कि भारत की आयुर्वेद परम्परा अत्यंत समृद्ध रही है, किंतु अनेक दुर्लभ ग्रंथ आज भी पांडुलिपि के रूप में अप्रकाशित पड़े हैं। इनके संरक्षण और अध्ययन के लिए इस परिषद् के गठन का निर्णय किया गया है। नवगठित परिषद् में वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी, वैद्य गोपीनाथ पारीक, डाक्टर सुरेश कुमार शर्मा व डाक्टर बृजकिशोर मिश्रा को प्रमुख रूप से सम्मिलित किया गया है। इस अवसर पर पद्मश्री नारायणदास रामानंद दर्शन अध्ययन एवं पांडुलिपि शोध संस्थान, जयपुर की ओर से जयप्रकाश शर्मा, अवधेश वशिष्ठ, सौरभ शर्मा, बृजेश, रामप्रसाद चित्रकार आदि उपस्थित थे।

## असम, पश्चिम बंगाल समेत 4 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की चुनाव तारीखों का ऐलान

नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने रविवार को असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अहम जानकारियां साझा की। असम, केरल और पुडुचेरी में एक चरण में 9 अप्रैल को चुनाव होंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। जबकि, तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा। इन सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश के चुनावों के नतीजे 4 मई को जारी किए जाएंगे। पांचों राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव की घोषणा होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि आयोग ने पिछले कुछ दिनों में सभी चुनावी राज्यों का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की है और राजनीतिक दलों, अधिकारियों तथा मतदाताओं से बातचीत की है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग की टीम ने इन राज्यों में जाकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों से मुलाकात कर उनके सुझाव भी लिए गए। साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, राज्य निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस महानिदेशकों से भी विस्तृत चर्चा की गई।




## विकसित राजस्थान रन आयोजित

### प्रतिभागियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ




जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान दिवस सप्ताह के अंतर्गत रविवार को शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकसित राजस्थान रन का आयोजन किया गया। रन की शुरुआत शहीद जेपी जानूं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से की गई। रन फॉर विकसित राजस्थान को अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय आर्य, पूर्व जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़, विशंभर पूनिया, उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई ने जे.पी. जानू स्कूल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स, खिलाड़ियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं, एन. सी. सी. कैडेट ने जय जय राजस्थान, भारत माता की जय, वंदे मातरम का जय घोष करते हुए हाथों में तिरंगा लिए जोश से लबरेज नजर आ रहे थे। रैली जे पी जानू स्कूल से रवाना होकर, अस्पताल रोड, बस स्टैंड, नगर परिषद, कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए शहीद स्मारक पहुंची जहां पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर मां भारती के शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीद स्मारक में पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़ ने उपस्थित हजारों छात्र-छात्राओं, स्काउट गाइड्स को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### इनकी रही उपस्थिति

विकसित राजस्थान रन के दौरान नगर परिषद आयुक्त देवीलाल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेश मील एसी.ओ. स्काउट महेश कालावत, जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, जिला रोजगार अधिकारी दयानंद यादव, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव, स्काउट के पूर्व अधिकारी मान महेंद्र सिंह भाटी, एडीईओ जयप्रकाश महला, एपीआरओ विकास चाहर, आयकर अधिकारी अजय ख्यालिया, उमेश रोहिल्ला, ओमप्रकाश डिग्रवाल, रामानंद आजाद, सीए रोहित चौधरी, नगर परिषद से रामकरण यादव, विजय गर्वा, प्रधानाचार्य अभिषेक चौधरी, अजय चाहर, विक्की कुमार, डॉ संजय सैनी, डॉ राजेश कटेवा, डॉ नवीन कुमार सहित 47 विद्यालयों, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्काउट्स गाइड्स, खिलाड़ियों, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट सहभागिता की।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

निसं



**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** श्री बालाजी मंदिर चक में डूंगरी धाम महंत हीरापुरी महाराज व बल्डा धाम के महंत सीतारामदास महाराज के पावन सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजन समिति सदस्य अशोक बुरड़क ने बताया कि आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री व रवि शास्त्री के सानिध्य में विशाल कलश यात्रा का प्रात: पूजन अर्चन हुआ। घोड़ी, बैंड, डीजे व रथ के साथ विशाल कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। राजस्थान के सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित चंद्रप्रकाश शास्त्री खाचरियावास ने प्रथम दिवस की श्रीमद् भागवत कथा महात्मय की कथा भक्ति ज्ञान वैराग्य की कथा का रसपान करवाया। कथावाचक शास्त्री ने बताया कि भगवान की कृपा के बिना भगवान की कथा दुर्लभ हैं। कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर किया। पंडाल भक्ति से झूम उठा। जसवंतगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण, राम दरबार, शिव-पार्वती एवं बाबा रामदेव की सुंदर मनमोहक झांकियां सजाई गई। इस अवसर पर कानाराम बुरड़क, बजरंग लाल बुरड़क, रमेश बुरड़क, कमलेश ऐचरा, शंकर दयाल स्वामी, मंगल चंद सामोता, महेंद्र मीणा, रविंद्र जोशी, विनोद पारीक, पंडित यज्ञदत्त शर्मा, अभिषेक शर्मा, मुरारी लाल पारीक, गिरधारी लाल, बीएल वर्मा, श्रवण ढ़करवाल, हरि सिंह, गोपाल बगड़िया, राजेंद्र महला, जितेंद्र कुमार, अजय वर्मा व बृजेश सहित हजारों भक्तजन उपस्थित थे। महाआरती के बाद सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कुली, चक, उमाड़ा, गोपीनाथपुरा, रामनगर, खाचरियावास एवं करड सहित आसपास के क्षेत्र के भक्तजन उपस्थित रहे।

## कमरों के निर्माण पट्ट का हुआ अनावरण



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में आश्रयहीन, असहाय और अस्वस्थ प्रभुजनों की सेवार्थ संचालित अपना घर आश्रम में निर्मित दो कमरों के निर्माण पट्ट का अनावरण एवं वाटर कूलर युक्त शीतल जल मंदिर का उद्घाटन दानदाता परिवारों के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। आश्रम संचालन समिति के डॉ विजय प्रकाश गोयल ने बताया कि शीतल जल मंदिर का निर्माण नेमीचंद सोनी द्वारा करवाया गया है। तथा एक कमरा बनवारी लाल रिणवा परिवार तथा दूसरा कमरा रावतराम नर्बदा देवी जोशी परिवार द्वारा बनवाया गया है। इसी क्रम में विजया देवी ब्रिज मोहन लखानी द्वारा आश्रम के उपयोगार्थ एक एयर कूलर भी भेंट किया गया है। इस अवसर पर आश्रम व्यवस्था संचालन समिति के विश्वनाथ सोनी, एडवोकेट रामावतार ठठेरा, सचिव कुलदीप व्यास एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर ने समस्त सहयोगियों का आभार प्रकट किया। आश्रम समिति की ओर से कन्हैया लाल जोशी, नरोत्तम सोनी, मुकेश रिणवा आदि का सपरिवार अभिनंदन किया गया।

## एलपीजी संकट के बीच रेतीले धोरों में जल रहा उम्मीद का चूल्हा

### गोबर गैस से जल रही रसोई, किसान परिवार दिखा रहे आत्मनिर्भरता की राह

निसं





**सरदारशहर (नवयत्न)।** मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारत की रसोई तक पहुंचने लगा है। देश के कई हिस्सों में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और कई जगहों पर सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। इसी गैस संकट के बीच राजस्थान के चूरू जिले के पुनसीसर छोटा गांव का एक किसान परिवार आत्मनिर्भरता की मिसाल बनकर सामने आया है। चूरू जिले के सरदारशहर तहसील मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर दूर इस गांव में युवा किसान तेजपाल प्रजापत और बाबूलाल प्रजापत के परिवार के घर का चूल्हा गोबर गैस से जल रहा है।

### गैस सिलेंडर की नहीं कोई चिंता

तेजपाल प्रजापत और बाबूलाल प्रजापत के परिवार ने अपने घर में घरेलू बायोगैस प्लांट लगा रखा है। यह प्लांट पूरी तरह से मवेशियों के गोबर से संचालित होता है जिससे उनके घर की रसोई गैस सिलेंडर पर निर्भर नहीं रहे।

### गोबर और पानी के घोल से 8 से 10 घंटे तक जलता है चूल्हा

परिवार के पास 6 से 7 मवेशी हैं जिनसे प्रतिदिन लगभग 120 किलो गोबर प्राप्त होता है। इस गोबर को पानी में मिलाकर बायोगैस प्लांट में डाला जाता है। इससे बनने वाली गैस से रोजाना करीब 8 से 10 घंटे तक चूल्हा जलता है, जिससे बड़े परिवार का खाना आसानी से तैयार हो जाता है। इतना ही नहीं इसी गैस का उपयोग मवेशियों का चारा पकाने में भी किया जाता है। इससे एलपीजी सिलेंडर पर होने वाला खर्च भी काफी कम हो गया है।

### खेतों के लिए मिल रही जैविक खाद

बायोगैस प्लांट से गैस बनने के बाद जो घोल बचता है, उसे सलरी कहा जाता है। तेजपाल और बाबूलाल का परिवार इस सलरी का उपयोग अपने खेतों में जैविक खाद के रूप में करता है। इससे खेतों में रासायनिक खाद जैसे यूरिया और डीएपी की आवश्यकता कम हो गई है। परिवार का कहना है कि जैविक खाद के उपयोग से फसलों की उपज और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है।

### महिलाओं को मिली धुएं से राहत

परिवार की महिला सदस्य द्रोपती देवी और गीता देवी बताती हैं कि पहले उन्हें लकड़ी और थेपड़ी जलाकर खाना बनाना पड़ता था, जिससे काफी धुआं होता था और परेशानी होती थी। गैस सिलेंडर भी महंगा पड़ता था। अब गोबर गैस से चूल्हा जलने से रसोई का काम आसान हो गया है और तेज आंच पर करीब आधे घंटे में खाना तैयार हो जाता है।

### कैसे बनती है बायोगैस ?

गाय-भैंस के गोबर को पानी में मिलाकर एक घोल तैयार किया जाता है,, जिसे प्लांट के बंद टैंक यानी डाइजेस्टर में डाला जाता है। इस टैंक में हवा नहीं होती। टैंक के अंदर मौजूद प्राकृतिक बैक्टीरिया गोबर को सड़ाकर गैस बनाते हैं, जिसे बायोगैस कहा जाता है। इस गैस में मुख्य रूप से मीथेन गैस होती है, जिसे पाइपलाइन के जरिए घर तक पहुंचाकर खाना बनाने में उपयोग किया जाता है। वहीं बचा हुआ पदार्थ खेतों के लिए उत्तम जैविक खाद बन जाता है।


### 6 हजार में लगा प्लांट, हर महीने हजारों की बचत

प्रगतिशील किसान तेजपाल प्रजापत और बाबूलाल प्रजापत बताते हैं कि उनका परिवार बड़ा है और साथ ही वे गाय-भैंस और बकरियों का पालन भी करते हैं। पहले लकड़ी और थेपड़ी से खाना बनाना पड़ता था, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी होती थी। किसी की सलाह पर उन्होंने गोबर गैस प्लांट लगवाया। अब उनके परिवार के तीन घरों में मिनी बायोगैस प्लांट लगे हुए हैं। एक प्लांट लगाने में करीब 6 हजार रुपये का खर्च आया जबकि एलपीजी सिलेंडर पर हर महीने हजार रुपये से ज्यादा खर्च होता था। उनका कहना है कि अगर देश में महीनों तक गैस सप्लाई बंद भी हो जाए, तब भी उनके घर की रसोई नहीं रुकेगी।

### किसान परिवार दे रहे बड़ी सीख

जब देश के कई हिस्सों में गैस सिलेंडर की किल्लत से लोग परेशान हैं तब पुनसीसर छोटा गांव का यह किसान परिवार आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रहा है। यह परिवार दिखा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करके ऊर्जा, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण का बेहतर उदाहरण पेश किया जा सकता है। गोबर जैसे साधारण संसाधन से भी ऊर्जा पैदा कर गांव आत्मनिर्भर बन सकते हैं। आज इस परिवार की रसोई केवल गैस से नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और नवाचार की सोच से जल रही है।

### कोबरी-सार



## सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** शहर की बावड़ी गेट के समीप स्थित मिठू का धर्मशाला प्रांगण में राजस्थान सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ की झुंझुनू जिला इकाई का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि दीनानाथ रूंथला असंगठित क्षेत्र प्रभारी थे। अध्यक्षता कुंज बिहारी वशिष्ठ ने की। विशिष्ट अतिथि दीप सिंह शेखावत प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामगोपाल शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, संदीप धाभाई जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ, जयपाल जाखड़, आईएएस में चयनित रोहन जाखड़, ईश्वर लाल शर्मा महामंत्री जिला सेवानिवृत कर्मचारी संघ, सुरजमल कुमावत गोविंदगढ़ थे। अतिथियों का दुर्गपाल सिंह शेखावत, रामस्वरूप स्वामी, केपी वर्मा, बद्रीप्रसाद तंवर, गोविंद यादव, दुर्गा प्रसाद सैनी, फुलाराम कुमावत, राधेश्याम जांगिड़, बृजलाल सैनी, अनिल शर्मा व नंदलाल सैनी ने स्वागत किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा, भारत माता व भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्रों पर पुष्प माला अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। असंगठित क्षेत्र के प्रदेश प्रभारी दीनानाथ रूथला ने संगठन की रीती नीतियों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीप सिंह शेखावत व संगठन मंत्री रामगोपाल शर्मा ने सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन व मेडिकल सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मिठू का धर्मशाला में आयोजित इस होली स्नेह मिलन समारोह में भारतीय प्रशासनिक सेवा में अखिल भारतीय स्तर पर 39वां स्थान प्राप्त करने पर रोहन जाखड़ व उसके पिता जयपाल जाखड़ का अभिनंदन किया गया। संगठन को उत्कृष्ट सेवा देने पर बद्रीप्रसाद तंवर, उमरदीन उदयपुरवाटी, ओमसिंह शेखावत झुंझुनू, गोविंद राम मंड्रेला, ओमप्रकाश हरिपुरा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ईश्वरलाल शर्मा हुकमपुरा ने किया। इस दौरान सुनील बुगालिया, राधेश्याम सैनी, जगदीश प्रसाद जांगिड़, मंगतू राम वर्मा, बंशीराम सैनी, राधेश्याम जांगिड़, गजानंद शर्मा, कुड़ीलाल सैनी, जगदीश प्रसाद शर्मा, नंदकिशोर सैनी, फुलाराम कुमावत सहित सैकड़ों की संख्या में सेवानिवृत कर्मचारी उपस्थित थे। इस आयोजन में विशेष सहयोग करने वाले अनिल शर्मा, दुर्गाप्रसाद सैनी, बृजलाल सैनी, राधेश्याम सैनी की उपस्थित सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

## विभाग की लापरवाही, हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहा

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में रविवार को करीब 11 बजे खाखी धोरा पानी की टंकी से हजारों लीटर पानी सड़क पर व्यर्थ बह गया। पानी की मोटर व वॉल्व खराब हो जाने के कारण सड़कों पर आ जाने से कुछ पानी घरों के अंदर भी चला गया तथा जगह-जगह गड्ढे भी पड़ गए। वार्ड के चांद रतन मारू ने बताया कि राजलदेसर में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है एक ओर जलदाय विभाग की लापरवाही से हजारों लीटर पानी ऐसे ही सड़क पर बह गया। अगर जलदाय विभाग के द्वारा समय पर ध्यान दिया होता तो इस प्रकार का खामियाजा नहीं उठाना पड़ता अगर यह पानी लोगों के घरों में जाता तो काफी लोगों को पीने का पानी मिलता लेकिन विभाग की लापरवाही से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। दूसरी ओर जेईएन संजय पंवार ने फोन के माध्यम से बताया कि पानी की मोटर व वॉल्ब खराब होने के कारण इस प्रकार की अवस्था हुई है जल्द ही इसको दुरुस्त करवा दिया जाएगा। वार्डवासियों का कहना है कि विभाग के द्वारा कोई सार संभाल नहीं की जा रही है जिसके चलते इस हजारों लीटर पानी की बर्बादी हुई है। गर्मी आई नहीं उससे पहले ही पानी की किल्लत कस्बे में चल रही है। विभाग को समय-समय पर सार संभाल करनी चाहिए खबर लिखें जाने तक जेईएन मौके पर नहीं पहुंचे ।

## शपथ ग्रहण एवं होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भड़ौंदा खुर्द गांव में डॉ अम्बेडकर मिशन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम श्रीचन्द्र गर्वा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपक मीणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीराम आलड़िया, महासचिव राजेश गर्वा सहित 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन कर शपथ दिलाई। कार्यक्रम में छोटूराम आलड़िया, शिवकुमार गर्वा, प्रदीप आलड़िया, राजेन्द्र आलड़िया, जगदीश गर्वा, धन्नाराम गर्वा, महेन्द्र गर्वा, रोहिताश्व मीणा, राजू मीणा, हरिसिंह मीणा सहित सर्व समाज के गणमान्य सहित महिलाएं भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन हरी सिंह मीणा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्षता कर रहे श्रीचन्द ने सभी का धन्यवाद किया एवं समाज हित में कार्य करने की अपेक्षा की।

## गणगौर महोत्सव कल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला मण्डल के तत्वावधान में गणगौर महोत्सव का आयोजन 17 मार्च को किया जायेगा। सोनी धर्मशाला में श्री श्याम सखी मंडल के सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में महिलाओं और नव विवाहिताओं और किशोरियों द्वारा सामूहिक गणगौर पूजन किया जायेगा।



# जयपुर सोल्जराथॉन 2026 में 4500 से अधिक धावकों ने लगाई दौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर मिलिट्री स्टेशन स्थित गांडीव स्टेडियम में वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन 2026 के उद्घाटन संस्करण का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस दौड़ में 4,500 से अधिक धावकों ने भाग लेकर फिटनेस और देशभक्ति का संदेश दिया। प्रतिभागियों में सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक, पेशेवर धावक, विद्यार्थी और आम नागरिक शामिल रहे, जिन्होंने पूरे जोश के साथ इस आयोजन में हिस्सा लिया। जनसंपर्क अधिकारी रक्षा राजस्थान लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन एक सशक्त नई पहल है, जिसका उद्देश्य फिटनेस, अनुशासन और सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। श्रन विद सोल्जर, रन फॉर सोल्जर के संदेश के साथ आयोजित इस दौड़ ने नागरिकों को व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए दौड़ने की प्रेरणा दी।

इस पहल के माध्यम से शिफ्ट इंडिया के संकल्प को मजबूती मिली तथा से यस टू स्पोर्ट्स, नो टू ड्रग्स का संदेश भी व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। दौड़ को मिजोरम के राज्यपाल एवं सोल्जराथॉन के संरक्षक जनरल डॉ. वी. के. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मंजींदर सिंह भी उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और सैन्यदृनागरिक सौहार्द को सुदृढ़ करने के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। सोल्जराथॉन में 21 किमी हाफ मैराथन,10 किमी टाइम्ड रन, 5 किमी ट्रिब्यूट रन और 3 किमी फन रन जैसी विभिन्न श्रेणियां रखी गईं, जिससे सभी आयु वर्ग के लोगों को भाग लेने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन के सुंदर वातावरण में दौड़ का विशेष अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम को उत्सवमय बनाने के लिए जुम्बा सत्र, पंजाबी ढोल और भांगड़ा प्रस्तुतिया, गतका मार्शल आर्ट प्रदर्शन, आर्मी बैंड की धुने, फेस पेंटिंग गतिविधियां और इंटरैक्टिव फोटो बूथ जैसी आकर्षक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विभिन्न दौड़ श्रेणियों के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। 21 किमी हाफ मैराथन के विजेताओं को 10 हजार रुपये तथा 10 किमी दौड़ के विजेताओं को 5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। इसके साथ ही विभिन्न आयु वर्गों के उपविजेताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से घायल सैनिकों के प्रति एकजुटता भी व्यक्त की गई। पैराप्लेगिक रिहैबिलिटेशन सेंटर के समर्थन से उन सैनिकों के अदम्य साहस को नमन किया गया, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान रीढ़ की गंभीर चोटें झेली हैं। आयोजन के सफल समापन के साथ सशस्त्र सेनाओं और नागरिकों के बीच फिटनेस, राष्ट्रीय एकता और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना और मजबूत हुई।

## राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा की मासिक बैठक आयोजित



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा.तारानगर चूरू की माह मार्च, 2026की मासिक बैठक पालाराम जिंदल की अध्यक्षता में सेडूराम बाकोलिया गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। सर्वप्रथम गत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। दिंवगत पुण्यात्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात राजस्थान पेंशनर भवन जयपुर में पेंशनर्स के आत्मसम्मान के रक्षक डी.एस.नकारा की मूर्ति स्थापित किए जाने पर खुशी जाहिर की गई। पेंशनर समाज के प्रदेश नेतृत्व, जिला नेतृत्व एवं स्थानीय उपशाखा सदस्यों का साधुवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। पेंशनर विरोधी कानून और 8 वें वेतनमान से सम्बधिंत विसंगतियों के लिये प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व की आगामी निर्देशानुसार संघर्ष करने एवं उचित माध्यम से ज्ञापन देने की रणनीति बनाई गई। दिनांक 22मार्च, 2026रविवार को जिला मुख्यालय, चूरू के पेंशनर भवन में टीबड़ा आई हॉस्पिटल एण्ड रेटिना सेंटर, सीकर की ओर से आंखों के नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर एवं जांच शिविर के बारे में जानकारी दी गई। दिनांक 27अप्रैल, 2026को संभाग स्तर पर पेंशन अदालत के आयोजित होने व इसमें करवाये जाने वाले कार्यों से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर तारानगर क्षेत्र में आर जी एच एस योजनान्तर्गत हॉलसैल भंडार से चार माह से दवाइयां नहीं मिल रही हैं। तथा राज्य सरकार से अनुमोदित तारानगर क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स भी दवाइयां नहीं दे रहे हैं। पेंशनर्स द्वारा रोष व्यक्त किया गया। अविलंब सम्बंधित को ज्ञापन के जरिए अवगत करवाया जाना चाहिए। हॉस्पिटल में सीनियर सिटीजन के लिए पर्ची जारी करवाने के लिए अलग से काउंटर होना चाहिये। बैंक लेनदेन में भी सीनियर सिटीजन को उचित सहयोग के क्रम में प्राथमिकता होने विषयक चर्चा की गई इस विषय में मातुसिंह राठौड़, विनोद कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, सुरेंद्र दीक्षित, परसाराम शर्मा, मनीराम सुथार, ओमसिंह सैनी, जयप्रकाश स्वामी आदि द्वारा विचार व्यक्त किए गए। जन्मदिन वाले पेंशनर्स सेडूराम बाकोलिया, तिलोकचंद शर्मा, ताराचंद शर्मा तारानगर को माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर सम्मान के साथ जन्मदिन मनाया गया। बैठक में बृजलाल सैनी, भंवरलाल पूनियां, कन्हैया लाल, किस्तूर चंद मोठसरा, अमीलाल धायल, हेतराम भाकर, नंदलाल रेगर, आदि उपस्थित रहे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में रविवार को जिला रसद कार्यालय परिसर में विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व उपभोक्ता दिवस की थीम सुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ता निर्धारित की गई। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही स्वस्थ और पारदर्शी बाजार व्यवस्था की नींव होता है। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार जताया। अधिवक्ता राजेन्द्र पुरोहित ने विश्व उपभोक्ता दिवस की पृष्ठभूमि, इतिहास तथा इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थितों से उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं को केवल अपने



अधिकारों के प्रति ही नहीं बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

## सखी मेला का भव्य समापन, 80 महिला स्वयं सहायता समूहों ने लगाए स्टॉल

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित शहीद परमवीर पीरू सिंह स्कूल के खेल मैदान में जिला प्रशासन और राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सखी मेले का रविवार को भव्य समापन हुआ। मेले का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना रहा। जिले में पहली बार आयोजित इस मेले में लगभग 80 महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपने.अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, पारंपरिक वस्त्र, खाद्य सामग्री सहित महिलाओं द्वारा तैयार किए गए कई आकर्षक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। झुंझुनू के साथ-साथ अन्य जिलों से आई महिला समूहों ने भी मेले में भाग लिया। मेले के दौरान महिलाओं को उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जुड़ी नई तकनीकों के बारे में सीखने का अवसर मिला। इससे उन्हें अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने की दिशा में प्रेरणा मिली। समापन समारोह में झुंझुनू विधायक राजेंद्र भाम्बू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और महिला समूहों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण की दिशा में तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देते हुए 110 टैबलेट्स का वितरण भी किया गया। ये टैबलेट्स ड्रोन सखी, लखपति दीदी और महिला कैडर की सक्रिय सदस्यों को प्रदान किए गए, ताकि वे तकनीक के माध्यम से अपने कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। जिला परियोजना प्रबंधक रामनिवास ने बताया कि सखी मेले के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार मिलने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी माहौल में सीखने का भी अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें अपने छोटे उद्यमों को बड़े स्तर तक ले जाने के लिए प्रेरित करते हैं।

## सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** श्रीभंवरलाल दूगड़ आयुर्वेद विश्व भारती, गांधी विद्या मंदिर एवं संस्कृत भारती चूरू के संयुक्त तत्वावधान में 9 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का उत्साह पूर्वक समापन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवींद्र चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के संयोजक सहायक आचार्य संदीप हारित ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्कृत भारती, जयपुर के प्रांत मंत्री चंद्रशेखर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत भाषा भारत की आत्मा एवं आयुर्वेद का प्राण तत्व है जिसे मैकाले द्वारा योजनाबद्ध तरीके से नष्ट करने का काम किया। संस्कृत भारती 1981 से संस्कृत को जन व्यवहार में लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़ ने महाविद्यालय में संस्कृत संभाषण का वातावरण बनाना अत्यंत आवश्यक और प्रासंगिक बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की मूल संहिताएं संस्कृत में ही रची गई हैं। यह केवल एक भाषा नहीं बल्कि आयुर्वेद के सूक्ष्म दार्शनिक और चिकित्सा सिद्धांतों को समझने का माध्यम है। कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्कृत भारती चूरू के जिला अध्यक्ष डॉ अविनाश पारीक ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत संभाषण एवं गहन अध्ययन का महत्व बताते हुए संस्कृत भारती द्वारा पत्राचार द्वारा संस्कृत शिक्षण योजना की जानकारी दी। जयपुर महानगर सह प्रशिक्षण प्रमुख नरेंद्र प्रताप सिंह राजपुरोहित शिविर के मुख्य शिक्षक रहे। मौलिक सिद्धांत एवं संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ कमला मुंड ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्कृत भारती जयपुर प्रांत के संगठन मंत्री विमल



कुमार, महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो. श्याम सुंदर शर्मा, डॉ सुशील कस्वा, संस्कृत भारती के जयपुर महानगर सह प्रशिक्षण प्रमुख नरेंद्र प्रताप सिंह राजपुरोहित शिविर के मुख्य शिक्षक रहे। शिविर में संस्कृत भाषा को सरल माध्यम से व्यावहारिक प्रयोग के द्वारा सिखाया गया । जिसमें प्रतिभागियों ने सरल संस्कृत में संवाद करना सीखा। संस्कृत को जीवन की भाषा बनाने का संकल्प लिया। शिविर के समापन कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने संस्कृत में अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां दी, जिसमें शिविर का अनुभव कथन, आत्म परिचय, संस्कृत में परस्पर संभाषण, संस्कृत गीत, नाटक इत्यादि शामिल थे।

मौलिक सिद्धांत एवं संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ कमला मुंड ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्कृत भारती जयपुर प्रांत के संगठन मंत्री विमल कुमार, उप प्राचार्य प्रो. श्याम सुंदर शर्मा, डॉ ललिता शर्मा, डॉ सुशील कस्वा आदि संकाय सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रियांशी ने किया।

## कांग्रेस का कार्यकर्ता अनुशासित एवं संगठित होता है : विधायक श्रवण कुमार

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कांग्रेस का कार्यकर्ता अनुशासित एवं संगठित होता है। पार्टी की ताकत कार्यकर्ता होते हैं और लोकतंत्र में जनता भगवान का रूप होती है। सूरजगढ़ के विधायक श्रवण कुमार ने नगर कांग्रेस कमेटी सूरजगढ़ की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि वर्तमान के दौर को देखते हुए देश के हालात ठीक नहीं चल रहे हैं। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कालाबाजारी चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। पूरे देश में गैस सिलेंडर की किल्लत चल रही है, आम जनता परेशान हो रही है। भाजपा सरकार को जनता की परेशानियां को समझने की आवश्यकता है। लोकतंत्र में सरकार जनता की होती है। इसलिए जनता जनार्दन की समस्याओं को समझ कर उसका निराकरण करने की आवश्यकता है। विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र एवं संविधान पर प्रहार कर रही है। भाजपा की सरकार पंचायत व निकाय चुनाव टलना चाहती है। विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि आने वाले निकाय पंचायत चुनाव में टिकाऊ, जीताऊ एवं कांग्रेस के मजबूत कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतर जाएगा और कांग्रेस कार्यकर्ता इस बात का ध्यान में रखें की भाजपा सरकार का डबल इंजन पूर्ण रूप से फेल हो चुका है। बैठक को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं निवर्तमान पार्षद महावीर प्रसाद सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रखती है। गैस के दामों में बढ़ोतरी कर दी गई है उसके बावजूद भी जनता को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 मार्च को 11 बजे उपखंड अधिकारी सूरजगढ़ को महंगाई एवं गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा। कांग्रेस नेता पालीराम मुंशी ने बैठक में बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार से जनता ऊब चुकी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे आकर भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करना जरूरी है। ऐसी जन विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कमरकस लेनी चाहिए। बैठक को नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत,



पंचायती राज कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विजय उर्फ पप्पू चौधरी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी महासचिव संगठन सांवरमल सैनी, निवर्तमान पार्षद सज्जन सैनी, मजदूर यूनियन ट्रेड कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अशोक कटेवा, अंतर सिंह श्योराण, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि हरिसिंह बड़सीवाल, पूर्व पार्षद मदन सैनी, जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिला उपाध्यक्ष विजय चंदेलिया, महेश शर्मा, सुरेश बडगुजर, इंद्र कुमार चेतीवाल, रामदेव सैनी, नगर कांग्रेस प्रवक्ता प्रदीप गुरावा, नगर कांग्रेस सचिव मुकेश लुगरिया, रवि शर्मा, जसवंत मेघवाल, महेश शर्मा, हुकमचंद, जगदीश कनवाड़िया, रामनारायण बड़गुजर, जुगल किशोर चेतीवाल, नगर कांग्रेस महासचिव रफीक खान, अयूब खान, नगर कांग्रेस उपाध्यक महेंद्र कुमावत, मुकेश खान, मुकेश फुलवरिया, संदीप कुमावत, कपिल शाह, वैद अनिल कुमार जांगिड़, जगदीश कनवाड़िया, हुक्मीचंद, रविंद्र शर्मा, अंतर सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कांग्रेस विचारधारा के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति झुंझुनू जिले में पूरी तरह सुचारु

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू जिले में घरेलू एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। आमजन से अपील है कि घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग अब घर बैठे ही आसानी से की जा सकती है। उपभोक्ता आईवीआरएस एसएमएस मोबाइल ऐप, मिस्ड कॉल या वेबसाइट जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिए रिफिल बुक कर सकते हैं। बुकिंग के बाद सिलेंडर निर्धारित समय पर सीधे आपके घर पर पहुंचाया जाएगा, इसलिए गैस एजेंसी या वितरक के पास जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि पैनिक बुकिंग या अनावश्यक रूप से सिलेंडर का स्टॉक न करें तथा गैस का उपयोग मितव्यता से करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके अफवाहों से बचें, घर बैठे बुकिंग करें-आपका सिलेंडर समय पर आपके घर पहुँचेगा।



# महंगाई और गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में रविवार को जयपुर के कलेक्ट्रेट सर्किल पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। खाचरियावास ने कहा कि केवल कलेक्ट्रेट सर्किल ही नहीं, बल्कि सिविल लाइंस, आदर्श नगर, किशनपोल सहित अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी कांग्रेस कार्यकर्ता गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में पुतला दहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिन मुद्दों को पहले से उठा रही थी, आज वही बातें सही साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जब बाजार में गैस सिलेंडर की कमी है और आम लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, ऐसे समय में कीमतें बढ़ाना आम जनता के साथ अन्याय है। सरकार जनता को रोटी और रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरतें भी उपलब्ध नहीं करा पा रही और ऊपर से महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है। खाचरियावास ने कहा कि कोरोना काल में कांग्रेस सरकार ने गरीबों, ऑटो चालको, रिक्शा चालकों और दिहाड़ी मजदूरों को राहत देने के लिए विशेष पैकेज जारी किए थे। कई परिवारों को 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता दी गई थी। वर्तमान में भी ऑटो चालकों, दिहाड़ी मजदूरों और छोटे व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट है, इसलिए केंद्र सरकार को तत्काल राहत पैकेज जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल जयपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता महंगाई और गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

कांग्रेस कभी डरने वाली पार्टी नहीं है और यदि कार्यकर्ताओं पर किसी प्रकार का दबाव या अन्याय किया गया तो कांग्रेस मजबूती से उसका सामना करेगी। खाचरियावास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के इस संकटपूर्ण समय में कांग्रेस पार्टी देशहित में भारत सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन देश के स्वाभिमान और आम जनता के हितों से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। कांग्रेस का यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

# कांग्रेस नेता अय्यर के बयान पर भाजपा ने किया पुतला दहन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए कथित बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। रविवार को जयपुर के कनोडिया कॉलेज के सामने गांधी सर्किल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मणिशंकर अय्यर का पुतला दहन किया और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गांधी सर्किल पर एकत्रित हुए और कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद, मणिशंकर अय्यर मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते हुए कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना पूरे देश का अपमान है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मणिशंकर अय्यर ने देश के प्रधानमंत्री का अपमान किया है और इसे देशवासी कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे। जनता में इस बयान को लेकर गहरा आक्रोश है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान वैश्विक पटल पर लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर मणिशंकर अय्यर जैसे नेता ओछी मानसिकता के साथ राजनीति कर रहे हैं, जो अत्यंत शर्मनाक है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए ऐसे शब्दों से संबोधित करना न केवल प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाना है बल्कि यह देश के 140 करोड़ नागरिकों का भी अपमान है। कांग्रेस नेताओं की भाषा की मर्यादा पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और वे अपने पद की गरिमा तक भूल चुके हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार हो रही चुनावी हार से बौखला गए हैं और इसी कारण इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस पार्टी का नेतृत्व राहुल गांधी जैसे नेता कर रहे हो, वहां से इस तरह की बयानबाजी होना अब कोई आश्चर्य की बात नहीं रह गई है। मणिशंकर अय्यर को सार्वजनिक रूप से देश के प्रधानमंत्री और देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान पूरे देश का अपमान है। प्रधानमंत्री केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता के जनादेश का प्रतीक होते हैं। ऐसे में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। सैनी ने कहा कि भाजपा इस तरह की भाषा और मानसिकता को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मांग की कि मणिशंकर अय्यर तुरंत अपने बयान पर माफी मांगें और कांग्रेस पार्टी को भी इस विषय पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस नेताओं की इस प्रकार की बयानबाजी जारी रहती है तो भाजपा कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में इसी तरह विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। देश की जनता अब इस तरह की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी। देश के प्रधानमंत्री और देश की गरिमा के खिलाफ कोई भी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके खिलाफ पार्टी कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाते रहेंगे। सैनी ने कहा कि मणिशंकर अय्यर मार्क्सवादी लोगों के हाथों की कठपूतली बनकर इस तरह के बयान जारी कर रहे है, यह बेहद ही शर्म की बात है। कांग्रेसी नेताओं के स्वयं के पास कहने को कुछ नहीं बचा तो वे मार्क्सवादी लोगों के इशारों पर इस तरह की बयानबाजी कर रहे है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता, जयपुर शहर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्र शक्ति शिखर समारोह दिल्ली में झुंझुनू की नीलम हुई सम्मानित



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दिल्ली में आयोजित राष्ट्र शक्ति शिखर सम्मान समारोह में झुंझुनू जिले की नीलम को शिक्षा, साहित्य एवं समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने पर राष्ट्र शक्ति शिरोमणि 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्पर्क क्रान्ति परिवार के सूत्रधार शिव विनायक शर्मा, मुख्य अतिथि असम के पूर्व राज्यपाल प्रो जगदीश मुखी विशिष्ट अतिथि डीआईजी विकास कुमार वैध, आईएफएस अधिकारी पद्मजा पांडे पूर्व राजदूत फिजी गणराज्य देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनके-अपने क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान नीलम को सिंघासन पर बैठाकर ताज पहनाया गया। वही प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह, तिरंगा पट्टी, ब्रासलेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजकों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नीलम ने अपने क्षेत्र में समाजहित के कार्य कर लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। इनके सम्मानित होने पर झुंझुनू जिले में खुशी का माहौल है। परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कांशीराम की जयंती मनाई

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बहुजन क्रांति के अग्रदूत कांशीराम का 92 वां जन्मदिवस एडवोकेट प्रताप सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में एवं मांगीलाल मंगल की अध्यक्षता में अम्बेडकर पार्क झुंझुनू में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ जगदीश बर्बर ने बताया कि मान्यवर कांशीराम साहब ने खुद अभावों में जिंदा रह कर जातियों में बंटे हुए बहुजन समाज को संगठित कर राजनीतिक रूप से जागरूक कर उत्तरप्रदेश जैसे राज्य में 4 बार मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का काम किया। देश के अनेक राज्यों में बहुजन समाज को संगठित कर सत्ता में भागीदार बनने का संदेश दिया। नाहर सिंह कुलोद एवं ब्रजमोहन ने कांशीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। सुभाष बॉयल, सुभाष नयासर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ संपत बारूपाल, मोती लाल आलड़िया, देवकरण महारिया, आर अल वर्मा, शिवशंकर, पुरुषोत्तम, बालाराम, सुभाष डिग्रवाल, अजय वर्मा, डॉ संतकुमार, बद्रीप्रसाद गोरा, राजेश आलड़िया, राजेश बजाड़, चंदगीराम, संदीप पाटिल, विक्की जाजोरिया सहित अनेक गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

# स्वर्णिम ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** सीसीए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट रींगस द्वारा आयोजित एस सेट प्रतिभा खोज परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह मान्यवर पेलेस में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती व संस्थापिका सचिव स्व. रीता चंद्र सक्सेना की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समारोह में कक्षा 10, कक्षा 12 नीटएजेईई व जेट एग्रीकल्चर के चार ग्रुप बनाये गये। प्रत्येक ग्रुप के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, 51000 रुपये, टेबलेट, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को सिल्वर मेडल, स्मार्ट वॉच, 31000 रूपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को ब्रोंज मेडल, स्मार्ट वॉच, 21000 रूपये, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले को ब्रोंज मेडल, स्मार्ट वॉच, 11000 रूपये व पंचम स्थान प्राप्त करने वाले को ब्रोंज मेडल, मार्ट वॉच व 5100 रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये गये। छठवें स्थान से पचास स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच, 5100 रूपये की छात्रवृत्ति व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। 51वें स्थान से ऊपर के विद्यार्थियों को 5100 रुपए की छात्रवृत्ति व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेनाएसह निदेशक कविता सक्सेना, डॉ भंवर सिंह ताखर, रोटरी अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा ने विधार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये। संस्थान द्वारा कुल 51 लाख रुपए तक के नगद पुरस्कार व छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। छात्रवृत्ति व नगद पुरस्कार के लिए आयोजित इस परीक्षा में छात्र.छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। परीक्षा नियंत्रक फिजिक्स हेड प्रदीप सैनीएमैथ हेड महेंद्र सामोता एवं कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर/महेंद्र सिंह महला ने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा 10 व 12 में अध्यनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का प्रथम चरण 18 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया था। प्रथम चरण की परीक्षा में 1077 विद्यार्थियों ने भाग लिया था तथा द्वितीय चरण में 1286 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के सफल आयोजन में स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट के कृष्ण कुमार छीपा, झाबर निठारवाल, मुकेश देवंदा, मुकेश मील, रमेश हरितवाल, अर्जुन राजोरिया, दिनेश सैनी, विक्रम यादव, पिंटू कुमावत, माधव सिंह, पंकज बागड़िया, भागचंद कुमावत, केदार बुला, विजय गोपाल शर्मा, कमलेश धायल, अशोक कुमावत, अंकित चौधरी, नरेंद्र ऐचरा, सुशील कुमार, रविन्द्र, शीलू पारीक, मनोज कुमावत, देवेंद्र सिंह रल्लू, अशोक मोगा सहित सभी स्टाफसदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए यह सफल आयोजन करवाया।

# चारण को मिली पीएचडी की उपाधि

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** हिंदी विषय में विद्या वाचस्पति में पीएचडी की शिक्षा क्षेत्र की सर्वोच्च गरिमामयी उपाधि प्राप्त करने पर नोखा के साहित्यप्रेमी जयकरण चारण का रविवार को आसिया सदन में अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण कर साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया। जयकरण चारण ने श्रीगंगानगर स्थित टांटिया यूनिवर्सिटी से हिंदी विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनके शोध का विषय नारी चेतना पर विमर्श: मन्नू भंडारी की रचनाओं के संदर्भ में रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ अंजू जांगिड़ के निर्देशन में पूरा किया। शोध का वायवा वरिष्ठ साहित्यकार और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पूर्व ओएसडी रहे डॉ वेद शर्मा ने लिया। करीब 55 मिनट तक चले वायवा के दौरान शोध से जुड़े विभिन्न प्रश्नों पर चर्चा के बाद डॉ वेद शर्मा ने शोध कार्य को प्रकाशन योग्य बताते हुए इसकी संस्तुति की। अभिनंदन समारोह में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टड़, आईएएसई बीकानेर के असिस्टेंट प्रोफेसर जयदेव बिठू, एडवोकेट दीनदयाल छिम्पा, मारवाड़ी युवा मंच नोखा के अध्यक्ष श्याम भादू, श्रवण जोशी, मोहित जोशी, सुनील भट्टड़ तथा किशन छिम्पा, गोपालदान, महेंद्र सिंह आशिया, मिठू सिंह, सुरेश गोदारा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने जयकरण चारण की इस उपलब्धि पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए उनके शोध विषय और साहित्यिक योगदान पर चर्चा की। जयदेव बिठू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जयकरण चारण का यह शोध हिंदी साहित्य में नारी चेतना जैसे महत्वपूर्ण विषय को नई दृष्टि से समझने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मन्नू भंडारी की रचनाओं के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति, उनके संघर्ष और आत्मसम्मान के भाव को जिस गंभीरता से शोध में प्रस्तुत किया गया है वह निश्चित रूप से साहित्य जगत के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। बिठू ने कहा कि युवा शोधार्थियों को भी इस प्रकार समाज से जुड़े विषयों पर अध्ययन कर नई दिशा देने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में डॉ चारण की धर्म सहायिका अध्यापिका सुपला चारण ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने जयकरण चारण के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि को नोखा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। रविवार शाम को तहसील परिसर स्थित अर्केश्वर महादेव मंदिर के सभाभवन मे भी अभिनन्दन किया गया। जिसमें दिनेशसिंह राजपुरोहित, सुरेश झंवर, ललित चितलांगिया, घनश्याम छीम्पा, गोपीकिशन पाणेचा, ओम प्रकाश पारीक, ओम राठी, इन्द्रचन्द मोदी आदि मौजूद थे। मन्दिर के लालचंद उपाध्याय सारुण्डा के सानिध्य में गुलाल से तिलक के साथ अभिनंदन किया गया।



# जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त समाज का आधार



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के सनातन आश्रम में रविवार को विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झुंझुनू जिला उपभोक्ता समिति द्वारा आयोजित हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने और बाजार में होने वाली धोखाधड़ी के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता झुंझुनू जिला उपभोक्ता समिति के जिलाध्यक्ष प्रभुशरण तिवाड़ी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागो ग्राहक जागो केवल एक नारा नहीं बल्कि सुरक्षित भविष्य का आधार है। तिवाड़ी ने बताया कि यदि उपभोक्ता जागरूक होकर खरीदारी के समय पक्का बिल ले और गुणवत्ता मानकों की जांच करे तो बाजार में अनुचित व्यापार प्रथाओं पर लगाम लगाई जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्य जनार्दन शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवासी उद्योगपति हुक्मीचंद लाम्बीवाला, संगठन के जिला उपाध्यक्ष शिक्षाविद् हीरालाल शर्मा खाजपुर, पूर्व पार्षद शिवलाल सैनी, जिला संगठन प्रभारी कैप्टन शंकरलाल महरानिया, डॉ शंभू पंवार, कांतिप्रसाद हलवाई, कवि नगेंद्र शास्त्री व डॉ एलके शर्मा मौजूद रहे। वक्ताओं ने डिजिटल युग में ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान होने वाली धोखाधड़ी से बचने और अपनी शिकायतों को उपभोक्ता फोरम तक ले जाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान डीजे के कानफोडू संगीत पर रोक लगाने या फिर उसकी आवाज को लिमिट करने की मांग पुरजोर ढंग से उठी। उपस्थित जनों ने एक स्वर में प्रशासन से इस पर लगाम लगाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ अशोक शर्मा अरडावतिया ने किया। इस दौरान अशोक सुरोलिया, रमेश शर्मा, बालकृष्ण चौरासिया, गिरधर गोपाल महमिया, रजनीकांत मिश्रा, सुरेश शेखावत, तेजप्रकाश सोनी, मनीष शर्मा, आयुष मोरोलिया, महेन्द्र रणवा, शिक्षाविद् रामनिवास जांगिड़, देवदत्त शर्मा, रामू सोलंकी, मातादीन महर्षि, रतिराम जांगिड़ सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति समाज में चेतना जगाने का संकल्प लिया।

## राजस्थान को जानें ऑनलाइन क्विज आमजन करें प्रतिभागिता

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग और आरकेसीएल द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से राजस्थान को जानें नामक ऑनलाइन डिजिटल क्विज का आयोजन किया जा रहा है। इस क्विज का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को राजस्थान के इतिहास, संस्कृति, विरासत और विकास से परिचित कराना है। इस ऑनलाइन क्विज में प्रत्येक प्रतिभागी को 25 प्रश्नों के उत्तर 15 मिनट के भीतर देने होंगे।

क्विज में कम से कम 60 प्रतिशत सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को डिजिटल सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। यह क्विज 19 मार्च, 2026 तक आयोजित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी एवं आमजन क्विज पोर्टल लिंक पर जाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से सभी विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में इस क्विज़ में भाग लेकर राजस्थान के बारे में अपनी जानकारी को परखने और बढ़ाने की अपील की गई है।

## सम्पादकीय

# मुनाफाखोरी की बीमारी, दुस्साहस में नहीं आई कोई कमी



इस पर तनिक भी आश्चर्य नहीं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते ऊर्जा आपूर्ति का संकट उभरते ही देश में रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो गई। यद्यपि सरकार ने इसे रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया, पर लगता नहीं कि इससे जमाखोरों और मुनाफाखोरों के दुस्साहस में कोई कमी आई है। इसका प्रमाण यह है कि उनके खिलाफ छापेमारी के दौरान कई शहरों में रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले पकड़े गए।

कई ने दर्जनों रसोई गैस सिलिंडर चोरी-छिपे जमा कर रखे थे। इनमें कुछ नेता और अन्य प्रभावशाली लोग भी हैं। इसी तरह उन मुनाफाखोरों की गिनती करना भी कठिन है, जो महंगे दामों पर रसोई गैस सिलिंडर बेच रहे थे। ऐसे तत्वों की सक्रियता का एक कारण संबंधित अधिकारियों और पुलिस की मिलीभगत भी होती है। वे भी बहती गंगा में हाथ धोने लगते हैं और इस तरह आम जनता एवं सरकार का संकट बढ़ाते हैं।

अपने देश में किसी भी संकट के समय आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी बहुत आम है। कोविड महामारी के समय जब सारा देश संकट में था, तब भी कुछ दवाओं के साथ कई आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी देखने को मिली थी। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अपने यहां कभी प्याज, कभी उर्वरकों तो कभी किसी अन्य वस्तु की जमाखोरी होने लगती है। इसका मकसद मुनाफाखोरी करना ही होता है।

ऐसा लगता है कि कुछ लोग सदैव इसकी ताक में रहते हैं कि कब किसी वस्तु के उत्पादन अथवा उसकी आपूर्ति में कमी के आसार दिखें तो वे खुद को जमाखोर में तब्दील कर मुनाफाखोरी करें। आपदा को अपना धंधा बनाने वाले ऐसे लोग सभ्य समाज के शत्रु ही कहे जाएंगे। चूंकि नैतिकता और सदाचार की कमी के चलते जमाखोरी और कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है, इसलिए आवश्यक केवल यह नहीं कि रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाए, बल्कि यह भी है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया जाए। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें तीन महीने से लेकर सात वर्ष तक की सजा देने का प्रविधान है, लेकिन आखिर कितने ऐसे मुनाफाखोर हैं, जिन्हें सात वर्ष की सजा मिलती है? अधिकतर तो येन-केन-प्रकारेण बिना किसी दंड के छूट जाते हैं या फिर मामूली जुर्माना देकर बच निकलते हैं। उचित यह होगा कि ऐसे लोगों को ऐसी कठोर सजा दी जाए, जो नजीर बने। गंभीर मामलों में जमाखोरों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के साथ ही उनकी संपत्ति भी जब्त की जानी चाहिए। इससे ही मुनाफाखोरों के होश ठिकाने आएंगे और वे जमाखोरी से बाज आएंगे।

## विशेष आलेख

# तेल, महंगाई और तबाही

## ईरान युद्ध की असली कीमत कौन चुकाएगा

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को बिना सोचे-समझे शुरू किए गए युद्ध के नतीजे दुनिया भर में बहुत दूर तक जाने वाले हैं। 'आपरेशन एपिक फ्यूरी' के दो हफ्तों में ईरान तबाह हो गया लगता है, लेकिन हारा नहीं है। युद्ध के पहले ही दिन अयातुल्ला खामेनेई सहित उसके शीर्ष नेतृत्व की पहली पंक्ति खत्म हो गई थी। उसके बाद ईरान ने तेजी से कदम उठाते हुए एक नया नेता चुना और एक नया सैन्य नेतृत्व स्थापित किया है। उधर अमेरिका-इजरायल गठबंधन ने घोषणा की कि वे उन्हें भी खत्म कर देंगे। तेहरान, सनंदाज, इस्फहान और ईरान के अन्य प्रमुख शहरों पर बमबारी की गई है और अब तक लगभग 1300 ईरानी मारे गए और 10,000 से अधिक घायल हुए हैं। एक अमेरिकी टामहाक मिसाइल एक स्कूल पर गिरी, जिसमें 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए। उन्होंने कौन-सा अपराध किया था?

ईरान के दमनकारी माने जाने वाले शासन की प्रकृति को छोड़ दें और लोगों पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने ऐसा क्या किया कि उन्हें इस तबाही का हकदार माना गया? इजराइल के उकसाने पर अमेरिका ने आरोप लगाया कि ईरान ने समृद्ध यूरेनियम का भंडार जमा कर लिया है और परमाणु हथियारों का निर्माण लगभग पूरा कर लिया है। कतर की मध्यस्थता से स्टीव विटकाफ और जेरेड कुशनर को अमेरिका की ओर से ईरान से बातचीत के लिए नियुक्त किया गया था। युद्ध शुरू होने की आशंका से ओमान के विदेश मंत्री वाशिंगटन पहुंचे, ताकि अमेरिका को यह आश्वासन दे सकें कि ईरान 'समृद्ध यूरेनियम के शून्य भंडारण' पर सहमत हो गया है और उसने 'कभी भी परमाणु हथियार न रखने' की कसम खाई है। इस आश्वासन को दरकिनार करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अचानक बातचीत खत्म कर दी और ईरान पर हमले का आदेश दे दिया। इजरायल के विस्तारवाद के लिए ईरान खतरा हो सकता है, लेकिन वह संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कोई खतरा नहीं है। जून 2025 में 'आपरेशन मिडनाइट हैमर' एक गैर-कानूनी हमला था। इसके बाद अमेरिका ने दावा किया था कि 'ईरान की यूरेनियम संवर्धन सुविधाएं पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं।' उस अभियान (मिडनाइट हैमर) के बावजूद अगर ईरान ने परमाणु हथियार लगभग बना ही लिए थे, तो वे कहां हैं?

क्या अमेरिका ने परमाणु निगरानी संस्था आइएईए यानी 'अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी' से ईरान का निरीक्षण करने और परमाणु हथियारों के विकास पर कोई रपट देने के लिए कहा था? अमेरिका के पास यह तय करने का क्या अधिकार है कि किस देश के पास परमाणु हथियार होंगे और किसके पास नहीं? क्या अमेरिका अब भारत, पाकिस्तान या उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं में दखल देकर उन्हें 'तबाह' करने का फैसला करेगा?

**खामोशी से मिलीभगत**-पश्चिम एशियाई क्षेत्र में इजराइल के कई दुश्मन हैं। इसकी जड़ें उस समय से जुड़ी हैं जब इजरायल का गठन उस जमीन पर हुआ था, जो मूल रूप से फिलिस्तीनियों की थी। इसके बावजूद



इतने वर्षों के बाद इस्लामी देशों सहित पूरी दुनिया ने इजराइल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है। हालांकि भारत ने फिलिस्तीन के विभाजन प्रस्ताव (1947) के खिलाफ वोट दिया था, लेकिन बाद में सितंबर 1950 में भारत ने इजरायल को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी और 1992 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध भी स्थापित हो गए। व्यापार, सैन्य सहयोग और खुफिया जानकारी साझा करने के मामले में इन संबंधों में काफी प्रगति हुई है।

पश्चिम एशिया के संघर्षों के मामले में भारत हमेशा से एक संतुलित और संयमित आवाज रहा है। मगर हाल के दिनों में भारत का रुख कुछ हद तक पक्षपातपूर्ण होता नजर आ रहा है। इसका प्रमाण 12 मार्च, 2026 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित उस प्रस्ताव के प्रति भारत का समर्थन है, जिसमें केवल ईरान की निंदा की गई थी। जब इजरायल के प्रधानमंत्री ने 'कट्टरपंथी शिया गठबंधन और उभरते हुए कट्टरपंथी सुन्नी गठबंधन' के मुकाबले में भारत, ग्रीस, साइप्रस, अरब देशों, अफ्रीकी देशों और भूमध्यसागरीय देशों को मिलाकर बने एक 'षट्कोणीय गठबंधन' की बात की, तो भारत ने इसके विरोध में एक शब्द भी नहीं कहा।

ट्रंप के लक्ष्यों में अब काफी बदलाव आ गया है। उनका ध्यान अब ईरान के परमाणु निरस्त्रीकरण से हटकर ईरान की सैन्य क्षमताओं को पूरी तरह नष्ट करने, वहां की सत्ता में परिवर्तन लाने और आखिरकार ईरान को बिना किसी शर्त के आत्मसमर्पण कराने पर केंद्रित हो गया है। उन्होंने ईरान की जनता से यह आह्वान किया है कि 'आप अपनी सरकार की बागडोर अपने हाथों में ले लें, यह आप सबकी ही होगी'। अपेक्षा के मुताबिक यह बात बेअसर साबित हुई। ट्रंप की मनमानी की वजह से तेल की कीमतें 100 डालर प्रति बैरल से भी ऊपर पहुंच गई हैं। अमेरिका में महंगाई और ट्रंप प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। होर्मुज जलमार्ग ईरान के नियंत्रण में है और वहां से तेल टैंकरों की आवाजाही लगभग पूरी तरह से रुक गई है। भारत में एलपीजी सिलेंडरों की कमी हो गई है और उनकी कीमतों में भारी बढ़ोतरी की गई है। दुनिया भर के शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए हैं। अनुमान के मुताबिक, इस युद्ध पर हर दिन दो अरब डालर खर्च हो रहे हैं। इस युद्ध की मानवीय कीमत का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

**युद्ध सबको बेनकाब करता है**-मशहूर सैनिक जनरल ड्वाइट आइजनहावर ने कहा था कि युद्ध क्रूर, बेमानी और बेवकूफी भरा होता है। रूस ने चार साल पहले यूक्रेन पर हमला किया था, लेकिन वह अब तक यह युद्ध जीत नहीं पाया है। इस बीच, रूस पर कर्ज का बोझ बहुत बढ़ गया है, तेल से होने वाली कमाई घट गई है और रूसी सेना को अब किराए के सैनिकों का सहारा लेना पड़ रहा है। ईरान के मामले में अमेरिका द्वारा युद्ध रोकने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। चूंकि यह युद्ध मशीनों के जरिए लड़ा जा रहा है, इसलिए जब तक मशीनों की आपूर्ति जारी रहेगी, अमेरिका इस युद्ध को जारी रख सकता है। जब कोई देश युद्ध शुरू करता है, तो उसे यह भी पता होना चाहिए कि उसे कब रोकना है। युद्ध हर देश और हर इंसान का असली चेहरा सामने ले आता है। जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तो भारत ने उसकी निंदा नहीं की थी, लेकिन यह कहा था कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है।' जब अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण किया था, तब इस तरह की नसीहतें सुनने को नहीं मिली थीं। पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा युद्ध में भी इस तरह की बातें बिल्कुल भी सुनने को नहीं मिल रही हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के पीछे नस्लीय और धार्मिक भावनाएं भी काम कर रही हैं। इजरायल एक साम्राज्यवादी देश के रूप में सामने आया है। इजरायल के साथ मिलकर काम करते हुए अमेरिका उन सभी सिद्धांतों को नकार रहा है, जिन पर उसकी नींव रखी गई थी। अफसोस की बात है कि भारत की अपनी ही गलतियों ने उसे उन लोगों के सामने एक कांपते हुए याचक जैसा बना दिया है, जो यह मानते हैं कि 'जिसके पास ताकत है, उसी का राज चलता है'।

## आज का राशिफल

### मेष
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

### वृष
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

### मिथुन
आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा। थकान रहेगी।

### कर्क
आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे।

### सिंह
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

### कन्या
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

### तुला
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है।

### वृश्चिक
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें।

### धनु
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

### मकर
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

### कुंभ
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

### मीन
पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# हेल्थ और ब्यूटी के लिए रामबाण है अमरूद

सर्दियों के मौसम में आने वाला फल अमरूद स्वाद में लाजवाब होता है। इस ट्रॉपिकल फल को अधिकतर लोग खाना पसंद करते हैं।



### 3 दोषों को करते हैं संतुलित

अमरूद प्रकृति में ठंडे होते हैं और स्वाद में कसैले, मीठे और खट्टे होते हैं। इसी के साथ ये 3 दोषों- वात, पित्त और कफ को संतुलित करते हैं। अमरूद डायट्री फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, मिनरल्स, पोटेशियम, कॉपर, मैंगनीज से भरपूर होते हैं। अमरूद में कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों होते हैं जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों के साथ त्वचा और बालों के लिए सबसे अच्छा बनाते हैं।

### फल के पत्ते और छाल के भी हैं फायदे

अमरूद फल, पत्ते और छाल सभी भाग औषधि के रूप में इस्तेमाल होते हैं। ये एसिडिटी, पीरियड्स में ऐंठन, मुंह के छाले, माइग्रेन सिरदर्द से राहत दिलाता है।

### कैसे इस्तेमाल करें अमरूद

**अमरूद पत्तों से काढ़ा :** मासिक धर्म की ऐंठन, अम्लता, डायबिटीज और बालों को हेल्दी रखने के लिए आप काढ़ा बना सकते है। इसे बनाने के लिए 4 कप पानी में 7 से 10 पत्ते उबालें। फिर इसे जब तक उबालें जब तक की यह आधा न रह जाए। फिर इसे खाली पेट दिन में 1-2 बार पीएं।

### काढ़े के फायदे

- इस काढ़े से गरारे करने से मुंह के छाले खत्म होते हैं। इसी के साथ मसूड़ों से खून आना बंद हो जाता है और ये मुंह के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिलती है।
- इस काढ़े से अपने बालों को धोने से बालों का झड़ना रोकने में मदद मिलती है। इसी के साथ हेल्दी बालों के ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है।

**अमरूद पत्तों का पेस्ट :** अमरूद के ताजे पत्तों का पेस्ट सूजन, बुखार, सिरदर्द और जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करता है।

**अमरूद का फल के तौर पर खाएं :** अपनी भूख के अनुसार 1-2 अमरूद एक दिन में खाए जा सकते हैं।

# बालों पर लगाएं सरसों तेल और अंडे से बना हेयर मास्क, मुलायम और खूबसूरत बनेंगे

क्या आप लंबे, मजबूत और घने बाल चाहते हैं? क्या आप अपने बालों की ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं? अधिकतर लोग खूबसूरत, मजबूत और काले बालों की चाहत रखते हैं। कुछ लोगों के बाल पहले से ही खूबसूरत होते हैं, तो कुछ लोग बालों पर तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप नैचुरल तरीके से बालों को खूबसूरत बनाना चाहते हैं, तो सरसों के तेल और अंडे का उपयोग कर सकते हैं। सरसों के तेल और अंडे का कॉम्बिनेशन बालों को खूबसूरत, मुलायम बनाने में मदद कर सकता है। आपको बता दें कि सरसों का तेल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ये पोषक तत्व सिर्फ सेहत के लिए नहीं बल्कि बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। सरसों का तेल लगाने से डैंड्रफ से छुटकारा मिल सकता है। बालों की ग्रोथ होती है और बाल चमकदार बनते हैं। इसके साथ ही अंडे का उपयोग भी बालों को खूबसूरत बनाने के लिए किया जा सकता है। अंडा बालों को चमकदार बनाने में मदद करता है। साथ ही बालों और स्कैल्प से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करने में सहायक होते हैं।



**बालों को सफेद होने से रोके :** उम्र बढ़ने पर बालों का सफेद होना बेहद सामान्य है। लेकिन कई लोगों को उम्र पहले ही बालों के झड़ने की समस्या का सामना करना पड़ता है। लेकिन आप अपने बालों को सफेद होने से रोक सकते हैं। बालों पर सरसों का तेल और अंडा हेयर मास्क लगाने से बालों को सपेद होने से रोकने में मदद मिल सकती है। बालों को काला बनाए रखने के लिए आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क को सप्ताह में 2-3 बार लगा सकते हैं।

**डैंड्रफ से छुटकारा दिलाए :** अगर आपके स्कैल्प या सिर पर डैंड्रफ है, तो भी आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप सरसों के तेल में अंडा, एलोवेरा जेल और हंग कर्ड डालें। अब इस पेस्ट को अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से लगा लें। आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। सप्ताह में 2-3 बार सरसों का तेल और अंडे को बालों पर लगाने से डैंड्रफ से काफी हद तक छुटकारा मिल सकता है।

**बालों की ग्रोथ करे :** अगर आपके बाल छोटे हैं और बालों की ग्रोथ करना चाहते हैं, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क को अप्लाई कर सकते हैं। बालों की जड़ों पर सरसों के तेल और अंडा पेस्ट को लगाने से बालों को लंबा किया जा सकता है। दरअसल, सरसों का तेल और अंडा स्कैल्प पर ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाते हैं। ऐसे में बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है।

**हेयर फॉल रोके :** अगर आपके बाल झड़ रहे हैं, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क लगा सकते हैं। सरसों का तेल और अंडा हेयर फॉल को रोकने में मदद कर सकते हैं। दरअसल, अंडे में प्रोटीन होता है। ऐसे में अंडा बालों को मजबूत बनाता है, बालों को पोषण प्रदान करता है। इससे बालों के झड़ने की समस्या दूर हो सकती है।

**बालों को कंडीशन करे :** अगर आपके बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी है, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क अप्लाई कर सकते हैं। साथ ही सरसों का तेल बालों को हाइड्रेट करता है। अगर आप सप्ताह में 2-3 बार सरसों का तेल और अंडा हेयर मास्क लगाएंगे, तो इससे बाल कंडीशन होते हैं।

# मेंटल हेल्थ को इन तरीकों से लाभ पहुंचाती है रीडिंग हैबिट

ऐसा कहा जाता है कि हर व्यक्ति को पढ़ने की आदत होनी चाहिए। यहां तक कि पैरेंट्स बच्चों को बचपन से ही कहानियां पढ़कर सुनाते हैं और उनकी किताबों से दोस्ती करवाते हैं। लेकिन पढ़ना सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि बड़ों को भी लाभ पहुंचाता है। यह तो हम सभी जानते हैं कि किताबें पढ़ने की आदत से व्यक्ति का ज्ञान बढ़ता है। साथ ही साथ, यह व्यक्ति की मेंटल हेल्थ के लिए बेहद लाभदायी है। चाहे आप तनाव में हों या फिर खुद को अधिक आशावादी बनाना चाहती हों, आपको पढ़ने की आदत को अपनाना चाहिए।

**तनाव होता है छूमंतर :** जो लोग नियमित रूप से पढ़ते हैं, उनमें अपेक्षाकृत तनाव का स्तर काफी होता है। दरअसल, जब आप किसी किताब या कहानी को पढ़ते हैं। तो आप उसी कहानी में खो जाते हैं और कहीं ना कहीं खुद को भी उस कहानी से जुड़ा हुआ पाते हैं। जिसके कारण कुछ वक्त के लिए आप अपनी परेशानियों व समस्याओं को भूल जाते हैं। ऐसे में आपका तनाव कम होता है। इतना ही नहीं, पढ़ने के बाद व्यक्ति अपनी कल्पनाओं में उस कहानी या कथा में कहीं ना कहीं विचरता है, जिससे उसका स्ट्रेस लेवल काफी कम हो जाता है।

**जीवन को देखने का बदलता है नजरिया :** पढ़ने की आदत का एक सबसे अच्छा फायदा यह है कि यह आपके जीवन के देखने के नजरिए को बदलता है और इससे आपकी मेंटल हेल्थ पर पॉजिटिव असर पड़ता है। अधिकतर लोगों के दुख व तनाव का मुख्य कारण उनकी सोच ही होती है। जो लोग हमेशा अपने जीवन में नेगेटिविटी देखते हैं, वे मानसिक तौर पर काफी परेशान रहते हैं। लेकिन वहीं अगर आप इंस्पिरेशनल स्टोरीज पढ़ते हैं तो आपको यह समझ में आता है कि हर अंधकार के बाद एक उजाला अवश्य होता है। इस तरह पढ़ने की आदत से व्यक्ति का दृष्टिकोण अधिक आशावादी बनता है, जिसके कारण उसकी मेंटल हेल्थ पर सकारात्मक असर पड़ता है।

**सोच का बढ़ता है दायरा :** पढ़ने की आदत आपकी सोच का भी दायरा बढ़ाती है। अमूमन लोग अपने जीवन में किसी परिस्थिति या परेशानी के आने पर विचलित हो जाते हैं और मानसिक रूप से परेशान रहने लगते हैं। लेकिन जिन लोगों को पढ़ने की आदत होती है, वे मानसिक रूप से अधिक स्टेबल होते हैं। दरअसल, पढ़ने के कारण उनका ज्ञान काफी अधिक होता है। ऐसे में वह परिस्थिति का आंकलन अधिक बेहतर तरीके से कर पाते हैं, क्योंकि रीडिंग हैबिट के कारण उनकी सोच का दायरा बढ़ जाता है। उनकी सिचुएशन से मिलती-जुलती सिचुएशन और उससे निकलने के हल के बारे में उन्होंने कहीं ना कहीं पढ़ा होता है।

# संस्कार और एकता से ही मजबूत होगा ब्राह्मण समाज : शास्त्री

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को ब्रह्म शक्ति के जागरण और जड़ों से जुड़े रहने के आह्वान के साथ संपन्न हो गया। रविवार को अधिवेशन के दूसरे दिन जाने-माने कथावाचक आचार्य मारुति नंदन शास्त्री ने भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। मारुति नंदन शास्त्री ने ब्राह्मण समाज के समक्ष वर्तमान चुनौतियां पर मंथन विषय पर मंगलाचरण से शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भगवान ने भी ब्राह्मण को सम्मान दिया है। कथा और उद्बोधन ब्राह्मण समाज को ऊंचाई देते हैं। भगवान भी ब्राह्मण के चरणों में बैठकर आंसू बहाते है और ब्रह्म शक्ति को पूरा सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण के आश्रय से जीवन में बहुत-सी परेशानियां समाप्त होती है। मारुति नंदन शास्त्री ने राम और कृष्ण का उदाहरण देते हुए रामायण की चौपाइयों से जुड़े कई प्रसंगों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण सत्य और सरलता से पूर्ण है। ब्राह्मण महान है और ब्राह्मण महान शक्ति भी है। देवताओं ने भी समस्याओं का समाधान ब्राह्मण को माना है। सर्व कल्याण की बात करते हैं ब्राह्मण।

ऋषि दाधीच और चाणक्य की विशेषता भी उन्होंने बताई। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि समाज के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं, हमें जड़ों से जुड़े रहना होगा। वरिष्ठ पत्रकार रेनू शर्मा ने समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि एकता और संगठन से हर चुनौती का समाधान होगा। आरक्षण और यूजीसी प्रकरण पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहिए। डॉ एसएन शर्मा ने समाज की चिंताओं पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समाज को श्रेष्ठ बनाए रखने के लिए मूल्यों को बनाए रखना होगा। त्याग, संस्कार की परम्परा को जीवित रखना होगा। सब को संगठित होकर रहना होगा।

विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देवनारायण जैमन ने अधिवेशन में आए सभी ब्राह्मण समाज के बंधुओं से संगठित रहने का आह्वान किया। राष्ट्रीय महामंत्री पंडित महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंडित बृजेश शर्मा और जयपुर महानगर के अध्यक्ष पंडित रघु शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर कोमल शर्मा लिखित ऑर्गेनिक केमिस्ट्री विषयक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। राष्ट्रीय अधिवेशन के दो दिवसीय आयोजन में एक दर्जन से अधिक सत्र आयोजित किए गए और महिलाओं युवाओं और उद्यमिता संबंधी विषयों पर गहन चिंतन मंथन किया गया। अधिवेशन के दूसरे दिन बड़ी संख्या में जयपुर सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया।

## सैनी नवयुवक मंडल, कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान अध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ मेंस्थानीय महात्मा ज्योतिबा फूले सैनी समाज अतिथि भवन में सैनी नवयुवक मंडल अध्यक्ष व सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष के चुनाव सैनी समाज अध्यक्ष हीरालाल खडोलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। चुनाव कार्यक्रम में नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद पर रवि गौड़ तथा सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष पद पर पुन: मोहनलाल राकसीया को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश टाक, परमेश्वर लाल गौड़ व अशोक वर्मा के निर्देशन में पूर्ण हुए चुनाव के बाद नवनिर्वाचित दोनों अध्यक्षों का उपस्थित समाजबंधुओं ने माला पहनकर शुभकामनाएं दी।

जिला महासचिव गौरीशंकर खडोलिया ने बताया कि दोनों ही सक्रिय सगंठनों का दो वर्षीय कार्यकाल पूर्ण हो जाने के बाद आज रविवार को दोनों ही संगठनों का निर्वाचन कर दिया गया है। आगामी 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह से पूर्व अपनी कार्यकारिणी घोषित करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। चुनावी बैठक में वक्ताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में विधार्थियों के लिए ई-लाईब्रेरी, पुस्तकालय, कम्प्यूटर क्लास, अंग्रेजी स्पोकन कोर्सेज आदि बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दोनों ही नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने समाज हितों के लिए समाज के हर तबके को साथ लेकर चलने का आश्वासन देते हुए अपनी जिम्मेदारी का तन मन धन से निर्वाह करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर सैनी समाज संरक्षक मदनलाल कम्मा, सैनी समाज पूर्व अध्यक्ष महेश सैनी, गिरधारी लाल राकसीया, किशनलाल राकसीया, प्रदीप बागड़ी, सत्यनारायण गौड़, अमरचंद राकसीया, जगदीश सौलंकी, नन्दकिशोर गौड़, चंद्रप्रकाश सूईवाल, बजरंग लाल कम्मा, श्रवण कम्मा, शिवम सूईवाल, भरत सैनी, पुरषोत्तम इंदौरिया, ओमप्रकाश सूईवाल, विनोद गौड़, पुसाराम गौड़ आदि सहित समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण तथा समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# 11 हजार महिलाओं की ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में 20 से 26 मार्च तक मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड में होने वाली श्री शिव पुराण कथा व श्री महामृत्युंजय महायज्ञ से पहले रविवार को 11 हजार महिलाओं की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों और भोले बाबा के जयकारों के बीच निकली यह यात्रा आस्था का अनूठा दृश्य बन गई। आयोजन समिति के मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री और मनोज पांडे ने बताया कि कलश यात्रा केएल सैनी स्टेडियम से पूजा-अर्चना के साथ रवाना हुई। इसमें महिलाएं एक समान परिधान में सिर पर मांगलिक कलश लेकर चल रही थीं, जबकि पुरुष श्रद्धालु भजनों पर नाचते.गाते हुए शामिल हुए। यात्रा में बग्घियां, हाथी, ऊंट-घोड़े और बैंडबाजे का भव्य लवाजमा भी शामिल रहा। कलश यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। करीब तीन दर्जन स्वागत द्वार बनाए गए और कई स्थानों पर जल सेवा भी की गई। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई वीटी रोड मेला ग्राउंड स्थित कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर अवधेशाचार्य महाराज गलता, राघवेन्द्राचार्य महाराज सहित कई संत-महंत और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम संरक्षक सत्यनारायण-पुष्पलता बेरीवाल, मुख्य यजमान पुष्पलता-घनश्याम रावत, रेणु-राकेश रावत, संयोजक राजकुमारी-जुगल किशोर डेरेवाला सहित कई यजमान और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। ट्रस्ट के अनुसार 20 से 26 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा अपने मुखारबिंद से शिव पुराण कथा का वाचन करेंगे। कथा के लिए लगभग 4 लाख वर्ग फीट का वाटरप्रूफ पांडाल बनाया जा रहा है, जिसमें करीब एक लाख श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था होगी। पांडाल और यज्ञशाला के निर्माण में करीब 400 कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं तथा श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी व्यवस्था की जा रही है।

## राठी माहेश्वरी महिला मंडल की जिला अध्यक्ष नियुक्त

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** माहेश्वरी महिला मंडल की जिला कार्यकारिणी की रविवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें नोखा की प्रिया राठी को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। डूंगरगढ़ की भारती डागा को सचिव और बीकानेर की ज्योति दरगड़ को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। चुनाव कार्यक्रम लता मूंदड़ा और मोनिका पचीसिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष निशा झंवर, प्रदेश सचिव बेबी करनानी, पूर्व जिला अध्यक्ष कंचन राठी, जिला सचिव विवा बिहानी, राधामणी चितलंगी, नोखा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष लक्ष्मी बाहेती, उर्मिला तापड़िया, सरोज राठी और मैना तापड़िया सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सुषमा बजाज ने बताया कि सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रिया राठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगी।

## राजस्थान को जानें ऑनलाइन क्विज आमजन करें प्रतिभागिता

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग और आरकेसीएल द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से श्राजस्थान को जानें नामक ऑनलाइन डिजिटल क्विज का आयोजन किया जा रहा है। इस क्विज का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को राजस्थान के इतिहास, संस्कृति, विरासत और विकास से परिचित कराना है। इस ऑनलाइन क्विज में प्रत्येक प्रतिभागी को 25 प्रश्नों के उत्तर 15 मिनट के भीतर देने होंगे। क्विज में कम से कम 60 प्रतिशत सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को डिजिटल सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। यह क्विज 19 मार्च, 2026 तक आयोजित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी एवं आमजन क्विज पोर्टल लिंक पर जाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से सभी विद्यार्थियो, युवाओं एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में इस क्विज में भाग लेकर राजस्थान के बारे में अपनी जानकारी को परखने और बढ़ाने की अपील की गई है।

## पेयजल व्यवस्था हेतु सौंपा ज्ञापन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं 2, सीकर बाजार बाइपास चौराहा स्थित जोशी कॉलोनी के वाशिंदों ने कॉलोनी निवासियों की पेयजल की समस्या के समाधान हेतु नगरीय विकास स्वायत्त शासन मंत्री के नाम का ज्ञापन उनके सुपुत्र अजय सिंह खर्रा को सौंपा। रामजीलाल शर्मा तथा रामबाबू डीडवानिया के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में पेयजल की समस्या से निजात पाने के लिए कॉलोनी में एक स्थाई बोरिंग पाइप लाइन कनेक्शन के साथ बनाने की मांग की गई। इसके साथ ही सीकर बाजार बाइपास से छालिया वाली जोहड़ी (चोटियों वाली ढाणी तक) तक जर्जर सड़क को पुन: नयी बनाने का ज्ञापन सौंपा गया। वर्तमान में यह सड़क पूर्णत: जर्जर अवस्था में हो चुकी है, जिससे आते-जाते राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। इन दोनों ही मांगो के लिए यूडीएच मंत्री सुपुत्र अजय खर्रा ने सड़क तथा बोरिंग के लिए जल्द ही बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुन्ना लाल मीणा, साहिल मीणा, हर्षवर्धन, रामजीलाल शर्मा, रामबाबू डीडवानिया, राधेश्याम वर्मा, भगवानसहाय वर्मा, सुभाष मीणा, नेकीराम घोसल्या आदि मौजूद रहे।

## श्याम गौ सेवा परिवार समिति के प्रथम वार्षिक उत्सव का पोस्टर विमोचन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम गौ सेवा परिवार समिति की ओर से 12 अप्रैल रविवार को आयोजित होने वाले प्रथम वार्षिक उत्सव को लेकर समिति के पदधिकारी व सदस्यों में उत्साह देखने को मिला। समिति के सभी लोगों ने रविवार को वार्षिक उत्सव के लिए प्रथम निमंत्रण मोती डूंगरी गणेश जी महाराज को दिया। समिति के सभी लोगों ने विधि.विधान से प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज की वंदना कर उन्हे वार्षिक उत्सव में प्रधारने का आग्रह किया। जिसके पश्चात समिति के सभी सदस्य तीर्थ नगरी गलता पहुंचे और वहां पर पूर्व पीठाधीश्वर अवेधशचार्य व राघवेंद्रचार्य से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। पूर्व पीठाधीश्वर अवेधशचार्य व राघवेंद्रचार्य महाराज ने श्री श्याम गौ सेवा परिवार समिति के प्रथम वार्षिक उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। समिति के सभी सदस्यों ने महाराज से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया। गौरतलब है की इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में महा मंडलेश्वर मनोहर दास महाराज, व गौ ऋषि संत प्रकाश दास महाराज, कैलाश महाराज, आचार्य पंडित गंजानंद शर्मा भी उपस्थित दर्ज कराएंगे। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टेलर ने बताया की कार्यक्रम का आयोजन 12 अप्रैल 2026 को मुहाना रोड़ स्थित मंगलम पैलेश पर शाम 6 बजे से प्रभू इच्छा तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें करीब एक हजार से अधिक श्याम भक्त अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

**सजेगा बाबा का भव्य दरबार**-समिति के उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बताया की श्री श्याम भजन संध्या में श्री खाटू श्याम बाबा का विशाल दरबार सजाया जाएगा। जिसमें अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर फूल व इत्र वर्षा की जाएगी। जिसमें भजन मंडली में शामिल भजन गायक कलाकार अपनी मधुरवाणी से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस भजन मंडली में सावन नागदा, इंदौर, राहुल व्यास, पुरुषोत्तम बृजवासी, कुशाल-विशाल एइशिका बरधूनिया, रश्मि औझा, भजनों की प्रस्तुति देगी।

## श्री राजपूत सभा का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित




निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री राजपूत सभा तहसील इकाई दांतारामगढ़ के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और सामाजिक सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह शेखावत खाचरियावास प्रदेशाध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ भाजपा रहे। उनके साथ मंच पर जितेन्द्र सिंह पचार, रामसिंह पिपराली जिलाध्यक्ष श्री राजपूत सभा सीकर, गजेंद्र सिंह राजास महामंत्री श्री राजपूत सभा सीकर, ईश्वर सिंह राठौड़ रिटायर्ड अतिरिक्त जिला कलेक्टर, कानसिंह निर्वाण, ठाकुर करण सिंह दांता, भवानी सिंह राठौड़, अजीत सिंह पौंख तथा धर्मेन्द्र सिंह पचार, भवानी सिंह गोगावास, सुमेर सिंह भारीजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में समाज में सुधार और प्रगति के लिए शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया तथा युवाओं को शिक्षा और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में मातृशक्ति की भी सक्रिय भागीदारी रही। संतोष राठौड़ ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए, वहीं ललिता कंवर ने महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज को जागरूक होने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी समाजबंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर रंगोत्सव मनाया तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने फूलों की होली खेलकर उत्सव को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के अंत में ठाकुर करण सिंह दांता ने पधारे हुए सभी अतिथियों और समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री राजपूत सभा तहसील इकाई दांतारामगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत ने किया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं तथा मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

## दुपहिया वाहन चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने डीएसटी पूर्व के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की रॉयल इंफिल्ड मोटर साइकिल बरामद करते हुए वारदात के काम में ली गई स्कूटी जब्त की है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य वाहन चोरी और खरीदारों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि गत 12 मार्च को परिवादी धर्मपाल ने मामला दर्ज कराया था की उसने अपनी रॉयल मोटरसाईकिल जवाहर नगर स्थित शांति पथ पर खड़ी की थी। कुछ देर बाद आकर देखा तो मोटरसाईकिल गायब मिली। मामला दर्ज होने के बाद डीएसटी टीम पूर्व ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद शातिर वाहन चोर आदित्य शर्मा 23 निवासी बंधबारेटा, भरतपुर हाल शिव कॉलोनी, श्याम नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल रॉयल इंफिल्ड व वाहन चोरी के काम में ली गई स्कूटी बरामद की है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य वाहन चोरी और चोरी के वाहन खरीदने वालों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

### ऐसे देता था वाहन चोरी की वारदात को अंजाम

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सुबह स्वीगि में डिलेवरी बॉय का काम करता है और देर रात तक डिलेवरी देता है। आदित्य डिलेवरी देने के पश्चात ही देर रात रॉयल इंफिल्ड चोरी करके ले गया और वैशाली नगर में ले जाकर छुपा दिया और कैब से वापस घटना स्थल पर आया और स्कूटी लेकर अपने घर चला गया। पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त को बुलट मोटर साईकिल चलाने का शौक है। शौक पूरा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

## रोजा-इफ्तार पार्टी आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** रमजान के महीने पर तारानगर शहर के वार्ड 03 में स्थित मदीना मस्जिद में दिलावर एंव लियाकत खान द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार पार्टी में भाजपा नेता राकेश जांगिड़ सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। जांगिड़ ने पवित्र माह रमजान की बधाई देते हुए कहा कि यह माह प्रेम और आपसी भाईचारे का प्रतीक है, यह पर्व धर्म के सभी बंधनों को तोड़कर मानवता के साथ मिलने का पर्व है। इसी प्रेम और सौहार्द के कारण आज हम सभी मुस्लिम भाईयों कौ रमजान की बधाई देने उपस्थित हुए हुए हैं। जांगिड़ ने आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के उद्देश्य से दिलावर एवं लियाकत खान द्वारा की गई रोजा इफ्तार पार्टी के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोण्तैयब, लीलाधर बागोरिया, माणकचन्द सैनी, हरि इंदौरिया, शिवकुमार शर्मा, गुलाब सोलंकी, रामावतार सैनी, नरेंद्र शेखावत, सलामु लुहार, जुल्फिकार हिसारिया, जगदीश सैनी, लालचंद जांगिड़, हीरालाल सैनी, फारूक, वीर बहादुर सिंह राठौड़, विजयप्रकाश सोनी, रफीक खान सहित अनेक मौजूद रहे।

## श्याम भजनोत्सव में सजी फूल बंगला श्रृंगार झांकी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था की ओर से सफला एकादशी के अवसर पर अग्रवाल फार्म सेक्टर 113 अग्रवाल फार्म श्याम पार्क में श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन हुआ। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि लखदातार का फूलों का आकर्षक श्रंगार कर छप्पन भोग ठंडी तासीर वाले व्यंजनों का भोग लगाया। अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजनों का शुभारंभ हुआ पुष्प वर्षा के बीच दरबार में कर्णप्रिय भजनों से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते रहे। कीर्तन में अनवरत पुष्प वर्षा इत्र वर्षा भक्तों के द्वारा होती रही। एकादशी पर श्री श्याम प्राचीन मंदिर में भक्तो ने लगाई अपनी अपनी अरदास श्री श्याम प्राचीन मंदिर कावटियो का खुर्रा रामगंज बाजार में मन्दिर महन्त पं. लोकेश मिश्रा के सानिध्य में एकादशी अरदास कीर्तन हुवा सभी श्याम भक्तो ने बाबा श्याम के समक्ष अपनी अपनी हाजरी लगाई और महाराज श्री से सभी भक्तो ने मोर छड़ी का झाड़ा खाया। इस मौके पर भजनामृत रस गंगा बहाई गई। जिसमे भजन गायकों ने भावात्मक भजन गाए। बाबा श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया। श्याम बाबा की मनमोहक श्रगार झाकी सजाई गई। एकादशी अरदास कीर्तन के सभी सदस्य बीच बीच में पुष्प और इत्र वर्षा कर दुप्पटा पहनाकर सभी का स्वागत कर रहे थे।


## बावलिया बाबा मंदिर में पहली निशान पैदल यात्रा 19 को



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** उबली के बालाजी से बुगाला धाम तक की पहली निशान पैदल यात्रा 19 मार्च को रवाना होगी जिसे अंतिम रुप दिया जा रहा है। प्रदीप कुमार सोनी ने बताया कि यात्रा में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान बुगाला में बाबा की हवेली (म्यूजियम) का भी विधिवत लोकार्पण कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में नवलगढ़, चिड़ावा, झुंझुनू, गुढ़ागौड़जी सहित कई शहरों से श्रद्धालुगण एकत्रित होंगे। विशाल भजन संध्या और भण्डारे का आयोजन भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम के दौरान बाबा के जीवन-चित्रण पर बने भजन एलबम का भी विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# खून को साफ करता है कच्ची गोभी का रस

सेहतमंद रहने के लिए आप क्या खाते हैं, इससे कहीं महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आप किस तरह से खाते हैं? असल में आप जो भी आहार लेते हैं उसकी पौष्टिकता पूरी तरह से आपको मिल पाए, इसके लिए जरूर है कि आप उसे सही तरीके से खाएं। वहीं बात अगर पौष्टिकता की हो तो ज्यादातर खाद्य पदार्थ कच्चे रूप में ही पौष्टिक माने जाते हैं। खासकर सब्जियों और फलों का पूरा पोषण तभी मिलता है, जब हम उन्हें बिना पकाए कच्चा खाते हैं। इनमें से फलों का सेवन तो आमतौर पर सभी कच्चे रूप में ही करते हैं, पर जब बात सब्जियों की आती है तो लोग उसे पकाना पसंद करते हैं। हमारे भारतीय भोजन शैली में तो मसाले के साथ सब्जियां पकाई जाती हैं, जिससे कारण काफी हद तक इन सब्जियों की पौष्टिकता कम हो जाती है। सब्जियों की पौष्टिकता का पूरा लाभ पाने के लिए सलाद के रूप में सेवन बेहतर माना जाता है। इसके अलावा कुछ सब्जियों का जूस निकालकर भी सेवन किया जा सकता है। जैसे कि कच्ची गोभी का रस सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है, इससे पेट से जुड़ी समस्याओं के साथ ही त्वचा संबंधी विकारों से भी निजात मिलता है। बता दें कि फूलगोभी में कैल्शियम, आयरन और फास्फोरस जैसे खनिज तत्वों के साथी प्रोटीन और शरीर के लिए जरूरी विटामिन भी भरपूर मात्रा में पाए



जाते हैं। ऐसे में इसका सेवन शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में काफी हद तक मददगार होता है। खासकर जब आप कच्चे रूप में सेवन करते हैं, तो इसकी पूरा लाभ आपके शरीर को मिल पाता है।

## खून को साफ करने में असरदार

एंटी ऑक्सीडेंट की मौजूदगी के कारण कच्ची गोभी का रस नेचुरल ब्लड प्यूरीफायर का काम करता है। यह खून में मौजूद अशुद्धियों को बाहर निकालकर उसे साफ करता है। ऐसे में अगर आप नियमित रूप गोभी के रस का सेवन करते हैं तो इससे त्वचा संबंधी समस्याओं से भी निजात मिलती है।

## लिवर को सेहतमंद रखने में सहायक

कच्ची गोभी का सेवन लिवर में मौजूद एंजाइम्स को सक्रिय करने में सहायक होता है। सही ढंग से काम करता है और उस पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ता है। ऐसे में लिवर को सेहतमंद बनाए रखने में कच्ची गोभी का सेवन लाभकारी साबित होता है।



### जोड़ों के दर्द से निजात में सहायक

कच्ची गोभी का सेवन जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में सहायक होता है। खासकर फूलगोभी का गाजर के साथ मिलाकर सेवन किया जाए तो यह जोड़ो के लिए काफी लाभकारी साबित होता है। इसके लिए फूलगोभी और गाजर दोनों की बराबर मात्रा लेकर उनका रस तैयार करें और उस रस का नियमित रूप से सेवन करें।

### पेट संबंधी समस्याओं से राहत

कच्ची गोभी का रस अपच, एसिडिटी, पेट दर्द और पेट से जुड़ी दूसरी समस्याओं से निजात दिलाने में मददगार होता है। इसलिए जिन लोगों को पेट या पाचन से जुड़ी समस्याएं रहती हैं उनके लिए कच्ची गोभी का रस खास तौर पर लाभकारी हो सकता है।

### गले में दर्द या सूजन से राहत

गले में दर्द या सूजन की समस्या के लिए भी कच्ची गोभी के रस का सेवन लाभकारी होता है। इसके लिए गोभी के हरे डंठल और पत्तियों का रस निकालकर उसका सेवन लाभकारी माना जाता है।

### दांत दर्द की समस्या से राहत

दांतों के दर्द से राहत दिलाने में कच्ची गोभी काफी फायदेमंद मानी जाती है। असल में कच्ची गोभी के पत्ते के रस से अगर नियमित रूप से कुल्ला किया जाए तो पैराथाइरॉइड ग्रंथि सक्रिय होती है। इससे कैल्शियम की मात्रा बढ़ने से दांतों को मजबूती मिलती है और दांतों में दर्द की समस्या से निजात मिलती है।

### वजन कम करने में मददगार

कच्ची गोभी का रस वजन कम करने में भी मददगार होता है। असल में कच्ची गोभी में विटामिन सी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो शरीर में जमा फैट को कम करने में कारगर होता है। ऐसे में कच्ची गोभी के रस का नियमित रूप से सेवन वजन कम करने में सहायक साबित होता है।


# बढ़ती उम्र में बच्चों से जरूर करवाएं ये आसन, बढ़ेगी लंबाई



कुछ बच्चे ऐसे होते हैं जिनकी उम्र तो बढ़ती जाती है लेकिन लंबाई है कि बढ़ने का नाम नहीं लेती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे फिजिकल एक्टिविटी की कमी या पोषक तत्वों की कमी। शुरुआत में माता पिता को लगता है कि अभी तो बढ़ने की उम्र है धीरे-धीरे लंबाई बढ़ ही जाएगी, लेकिन इस चक्कर में उम्र बढ़ जाती है हाइट नहीं बढ़ती है।

## ताड़ासन

- आप बच्चों को ताड़ासन करा सकते हैं, यह बहुत ही आसान और फायदेमंद आसन है।
- इसे करने के लिए जमीन पर सीधे खड़े हो जाएं।
- दोनों पैरों के पंजे और एड़ियों को आपस में चिपका कर खड़े हों।
- इसके बाद हाथों को एक साथ जोड़कर शरीर को ऊपर की तरफ खींचें।
- साथ ही पैरों की एड़ी को भी ऊपर उठाएं और पैरों की उंगलियों पर शरीर का संतुलन बनाए रखें।



## धनुरासन

- आप बच्चों से धनुरासन भी करवा सकते हैं।
- इस आसन को करने के लिए पेट के बाल जमीन पर लेट जाएं।
- अपनी बाजुओं को अपने शरीर के दोनों और कूल्हे के समानांतर रखें।
- धीरे-धीरे अपने घुटनों को ऊपर की ओर मोड़ें और अपनी एड़ियों को अपने हाथों से पकड़े।
- सांस लें और अपनी छाती को जमीन से ऊपर उठाएं ।
- अपने पैरों को ऊपर उठाएं और फैलाएं।
- आपको अपनी बाहों और जांघों में खिंचाव महसूस होना चाहिए।
- इस तरह से 12 से 15 सेकंड के लिए होल्ड करके रहे।
- धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ जाएं।

## वृक्षासन

- हाइट बढ़ाने के लिए वृक्षासन भी किया जा सकता है।
- इसके लिए किसी समतल जगह पर सीधे खड़े हो जाएं और अपने पैरों को जोड़ लें।
- हाथों की सहायता से बाएं तलवे को दाईं जांघ पर टिका लें।
- हाथों को ऊपर उठकर नमस्कार की अवस्था में आ जाएं।
- कुछ सेकेंड तक इसी अवस्था में बने रहें और शरीर को संतुलित रखें।
- फिर धीरे-धीरे शुरुआती अवस्था में आ जाएं।
- इस योगासन को दो से चार सेट तक कर सकते हैं।



Health Update

# प्रेग्नेंसी में डॉक्टर से पूछकर ही करें इन चीजों का इस्तेमाल

**प्रेग्नेंसी का वक्त किसी भी महिला के लिए बेहद ही नाजुक होता है। इस दौरान जरा सी भी लापरवाही मां और बच्चे दोनों की सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। खासकर इस दौरान इस्तेमाल की जाने वाली चीजें काफी हद तक सेहत पर असर डालती हैं। ऐसे में प्रेग्नेंसी के दौरान खान-पान से लेकर चीजों के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की जरूरत होती है। प्रेग्नेंसी में शरीर में हार्मोनल बदलाव तेजी से होते हैं, जिसके चलते शरीर बेहद संवेदनशील हो जाता है। इस संवेदनशीलता के चलते गर्भवती महिला का शरीर खाद्य पदार्थों से लेकर विभिन्न चीजों के प्रति अलग तरीके से प्रतिक्रिया देता है। कई बार यह प्रतिक्रिया घातक भी हो सकती है जिससे गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।**

## फूड सप्लीमेंट्स का सेवन

सेहतमंद बच्चे की चाहत में प्रेग्नेंसी में फूड सप्लीमेंट्स का उपयोग आम है, लेकिन वहीं कुछ महिलाएं बिना डॉक्टर की सलाह के भी सप्लीमेंट्स लेने लगती हैं। जबकि ऐसा करना सेहत की लिहाज से बेहद गलत है। असल में डॉक्टर आपके शारीरिक परीक्षण के आधार पर ही आपको किसी भी सप्लीमेंट्स के सेवन की सलाह देते हैं। इसलिए डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही किसी तरह के सप्लीमेंट्स का सेवन शुरू करें।

## एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग

एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल भी प्रेग्नेंसी के दौरान सुरक्षित नहीं माना जाता है, खासकर गर्भावस्था के तीसरे महीने के बाद एंटीबायोटिक का इस्तेमाल हानिकारक माना जाता है। हालांकि हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार हर एंटीबायोटिक दवा प्रेग्नेंसी के लिए घातक नहीं होती है, बल्कि कुछ एंटीबायोटिक सुरक्षित भी होती हैं। गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति में इस तरह की एंटीबायोटिक का इस्तेमाल किया जा सकता है। गर्भवती महिला के लिए उचित एंटीबायोटिक की पहचान कर पाना अपने आप में मुश्किल है। इसलिए ऐसी दवाओं के प्रयोग से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।



### पेंट और डिस्टेंपर का इस्तेमाल

प्रेग्नेंसी के दौरान गर्भवती महिला को पेंट और डिस्टेंपर का इस्तेमाल भी सोच-समझ कर करना चाहिए। असल में पेंट और डिस्टेंपर में कई तरह के घातक केमिकल्स जो पाए जाते हैं, जो गर्भवती महिला के साथ ही गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप दीवारों की पेंटिंग और साफ-सफाई जैसे कामों से दूर रहें।

### फेयरनेस क्रीम का प्रयोग

प्रेग्नेंसी के दौरान केमिकल युक्त ब्यूटी प्रोडक्ट्स् का इस्तेमाल भी काफी नुकसानदायक साबित हो सकता है। खासकर फेयरनेस क्रीम में इस्तेमाल किए जाने वाला हाइड्रोक्विनोन होने वाले बच्चे के लिए हानिकारक होता है। ऐसे में किसी भी क्रीम के इस्तेमाल से पहले उसमें इस्तेमाल की गई सामग्री की जानकारी जरूर लें।

### हेयर कलर का प्रयोग

बालों को काला करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ज्यादातर हेयर कल में अमोनिया पाया जाता है। अमोनिया स्किन के लिए जहां सीधे तौर पर नुकसानदेह होता है, वहीं गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत पर भी यह नकारात्मक प्रभाव डालता है।

### परफ्यूम या डियोड्रेंट का इस्तेमाल

गर्भवती महिला के लिए परफ्यूम या डियोड्रेंट का इस्तेमाल भी हानिकारक हो सकता है। असल में परफ्यूम ऐसे कई हानिकारक केमिकल्स पाए जाते हैं जो होने वाले बच्चे की सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं। जैसे कि परफ्यूम में मौजूद अल्कोहल के चलते बच्चे में बर्थ डिफेक्ट की प्रॉब्लम हो सकती है। वहीं परफ्यूम में पाए जाने वाला फैथलेट्स गर्भवती महिला के लिए सांस और त्वचा संबंधी एलर्जी की वजह बन सकता है।

### इलेक्ट्रॉनिक चीजों का प्रयोग

प्रेगनेंसी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक चीजों का इस्तेमाल करते वक्त भी सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। खासकर जिन चीजों से किरणें निकलती हैं, तो इस्तेमाल से परहेज की आवश्यकता होती है, जैसे कि मोबाइल, टीवी और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स। इस तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स आपके होने वाले बच्चे की सेहत को प्रभावित कर सकते हैं।

# हिप्स पर हो गए हैं एक्ने तो आजमाएं ये कारगर टिप्स, दूर होगी समस्या



प्रदूषण का स्किन पर बुरा असर पड़ता है, जिसके कारण कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। खासकर, चेहरे पर एक्ने की समस्या सबसे ज्यादा होती है, जिसे देखकर लोग तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं। लेकिन हिप्स पर होने वाले एक्ने यानी बट एक्ने को लोग अक्सर लोग इग्नोर कर देते हैं, जिसके कारण हिप्स पर एक्ने के निशान हो जाते हैं। बट एक्ने फॉलिकुलिटिस नामक त्वचा की स्थिति से आते हैं। फॉलिकुलिटिस तब होता है जब बालों के रोम में सूजन आ जाती है। इसके अलावा बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण भी बट एक्ने की समस्या होती है। खासकर, गर्मी के मौसम में हिप्स पर ज्यादा एक्ने होने लगते हैं।

**सेब का सिरका :** सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर स्किन के लिए लाभदायक होता है, क्योंकि इसमें एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। सेब का सिरका स्किन को साफ करने में मदद करता है, जिससे बट एक्ने और इसके दाग कम हो सकते हैं। बट एक्ने से छुटकारा पाने के लिए आप एक बाउल में 1 चम्मच सेब का सिरका डालें और इसमें 2 चम्मच पानी मिलाएं। इसके बाद एक कॉटन के टुकड़े को सेब के सिरके में डुबोएं और फिर इसे अपने हिप्स पर होने वाले एक्ने पर लगाएं। 15 मिनट के बाद इसे साफ पानी से साफ करें।

**नियासिनमाइड :** बीते कुछ समय में नियासिनमाइड काफी ट्रेंड में रहा है, इसके इस्तेमाल से स्किन से जुड़ी कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। नियासिनमाइड में सूजन-रोधी गुण होते हैं जो त्वचा पर होने वाली जलन को शांत कर सकते हैं। इसके अलावा नियासिनमाइड के इस्तेमाल से बट एक्ने के कारण होने वाले काले धब्बों को दूर करने में भी मदद कर सकते हैं। नियासिनमाइड सीरम को रात के समय में बट एक्ने पर लगाकर हल्की मसाज करें और सूखने के बाद ही कपड़ा पहनें। इस सीरम के नियमित इस्तेमाल से आपको बट एक्ने से छुटकारा मिल सकता है।

# पुरुषों में महिलाओं से अलग हो सकते हैं माइग्रेन के लक्षण

**आज के समय में लाइफस्टाइल में बदलाव के कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में काम के बढ़ते दबाव के कारण लोगों को माइग्रेन की समस्या होने लगी है। वहीं बीते कुछ सालों में माइग्रेन की समस्या के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी देखी गई है। माइग्रेन को मध्यम से गंभीर सिरदर्द के रूप में जाना जाता है। यह पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से प्रभावित कर सकता है। हांलाकि पुरुषों और महिलाओं में माइग्रेन की वजह अलग-अलग हो सकती है। लेकिन अधिकतर इसके कारण एक समान होते हैं।**

## माइग्रेन क्या है

बता दें कि माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है। इसमें मध्यम से लेकर गंभीर सिरदर्द हो सकता है। माइग्रेन अक्सर सेंसरी गड़बड़ी और नर्वस सिस्टम कार्य को बाधित कर सकता है। हांलाकि माइग्रेन के सटिक लक्षणों को समझना थोड़ा मुश्किल है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक न्यूरोबायोलॉजिकल और पर्यावरणीय कारकों के चलते यह समस्या हो सकती है। हार्मोनल उतार-चढ़ाव, नींद की गड़बड़ी, तनाव, आहार संबंधी कारक और सेंसरी स्ट्यूमिलेशन जैसे ट्रिगर माइग्रेन का कारण बन सकते हैं।

## तनाव और लाइफस्टाइल

लाइफस्टाइल और तनाव के कारण भी पुरुषों को माइग्रेन हो सकता है। फिर तनाव चाहे शारीरिक हो या मानसिक। शारीरिक परिवर्तन की वजह बनकर माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है। इसके अलावा अल्कोहल, कैफीन और कुछ अन्य खाद्य पदार्थ जैसे आहार भी माइग्रेन की शुरूआत का कारण बन सकता है।

## हार्मोनल प्रभाव

पीरियड्स के दौरान महिलाओं में विशेष रूप से हार्मोनल उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं। यह माइग्रेन पैथोफिजियोलॉजी में अहम भूमिका निभाते हैं। जो



महिलाओं को मुख्य रूप से प्रभावित करने का काम कर सकते हैं। अक्सर महिलाएं पीरियड्स संबंधी माइग्रेन के लक्षण महसूस करती हैं। ऐसे में माना जाता है कि प्रोजेस्टेरोन और एस्ट्रोजन के स्तर में उतार चढ़ाव से भी माइग्रेन हो सकता है। वहीं पुरुषों में भी बदलाव के कारण माइग्रेन हो सकता है।

## आनुवंशिक कारण

बता दें कि आनुवंशिक कारक भी माइग्रेन की वजह बन सकते हैं। माइग्रेन की समस्या महिला व पुरुषों दोनों को समान रूप से हो सकती है। जिस तरह से महिलाओं में जीन्स प्रतिक्रिया करते हैं। ठीक उसी तरह से जीन्स पुरुषों के लिए माइग्रेन की वजह बन सकता है।

## न्यूरोबायलॉजिकल वैरिटेंस

महिलाओं और पुरुषों के बीच न्यूरोबायोलॉजिकल फर्क भी माइग्रेन की वजह बन सकता है। मस्तिष्क में कार्यात्मक और संरचनात्मक अंतर, जिसमें दर्द और न्यूरोट्रांसमीटर सिस्टम में बदलाव शामिल है। यह लिंग के आधार पर माइग्रेन की संवेदनशीलता को प्रभावित कर सकता है। जैसे डोपामाइन मेटाबॉलिज्म और सेरोटोनिन रिसेप्टर एक्सप्रेशन में अंतर को माइग्रेन पैथोफिजियोलॉजी में शामिल किया गया है।

## माइग्रेन का इलाज

माइग्रेन की इलाज के लिए ट्रिगर को पहचानना जरूरी है। डॉक्टर महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग ट्रिगर प्वाइंट के इलाज के लिए अलग-अलग रणनीति तैयार कर सकते हैं। पहले माइग्रेन के दर्द को कम करने वाली दवाएं दी जाती थीं। वहीं महिलाओं में पीरियड्स से जुड़े माइग्रेन में हार्मोनल थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है। माइग्रेन के सामान्य कारणों को दूर करने के लिए एक्सपर्ट्स योग व एक्सरसाइज की सलाद दे सकते हैं।

# गैस किल्लत के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय गांधी चैक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज मेघवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष और विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि देश की सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर जनता को गैस की किल्लत और महंगाई में झोंक दिया है, जिसके कारण आज पूरे देश में अव्यवस्था का माहौल है। मनोज मेघवाल ने कहा कि अमेरिका ने जिस प्रकार से भारत को रूस से तेल लेने की एक महीने की छूट देने की घोषणा कीए उससे भारत की संप्रभुता पर वैश्विक स्तर पर काफी बड़ा सवालिया निशान लग गया। लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने उफतक नहीं की। इस प्रकार केंद्र सरकार भारत की संप्रभुता के साथ समझौता कर रही है। केंद्र सरकार आम जनता को बताये कि वो इतने दबाव में क्यों काम कर रही है। केंद्र सरकार को अपनी मजबूरियां जनता के सामने जाहिर करनी चाहिए। क्योंकि केंद्र के लोग अपनी मजबूरियों के चक्कर में अब देश की जनता के हितों पर कुठाराघात कर रहे हैं, जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। गैस सिलेंडर के साथ किए गए प्रदर्शन के दौरान अमेरिका के दबाव में आना बंद करो के नारे लगाए गए तथा प्रधानमंत्री के वक्तव्य पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेताओं ने नाले की गैस से खाना बनाने का नाटक भी किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करके प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप तोदी, रामावतार शर्मा, यूनुस खान हाशमखानी, मदन सोनी, विद्याप्रकाश बागरेचा, सलीम खान, ईस्माइल खान, बजरंग सेन, हितेश जाखड़, इकबाल खान कायमखानी, बाबूलाल मेघवाल, सुनीता रावतानी, डॉक्टर योगिता सक्सेना, आसिफ नसवान, प्रमिला राठी, मधु बागरेचा, जाकिर क्याल, अमजद खान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष फारुख भुट्टा, बंटी लाखन रामाकिशन फलवाड़िया, ओंकार मेघवाल, रामचंद्र गोदारा, रामनिवास गुर्जर, अजय ढेनवाल, दाऊद काजी, वैभव सोनी, निवर्तमान उप सभापति अमित मारोठिया, विद्याधर बेनीवाल, असलम मौलानी, शकूर सब्जीफरोश सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इससे पहले गांधी चैक सभा मंच की साफ सफाई करवा कर कचरा उठाया गया। उसके बाद कांग्रेस नेताओं ने गांधी चैक सभा मंच पर प्रदर्शन किया।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवतकथा



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय नया बास में स्व. गणेशीराम-स्व. केसरदेवी चोटिया की पुण्य स्मृति में मोहनलाल चोटिया परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा के शुभारंभ पर कसुंबी रोड़ स्थित शिव बाड़ी से कलश यात्रा रवाना हुई। जिसमें यजमान मोहनलाल-पुष्पा देवी चोटिया भागवतजी को अपने सिर पर धारण कर कलश यात्रा में आगे चल रहे थे तथा सैंकड़ों महिलायें सिर पर मंगल कलश धारण किये हरिनाम संकीर्तन करते हुए चल रही थी। नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। आयोजन स्थल पर भागवतजी की आरती की गई। इस मौके पर उपस्थित जनों को कथा का अमृतपान करवाते हुए व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक हरिशरण महाराज ने भागवतजी का महातम्य बताया। उन्होंने कहा कि जिस पर नौका में बैठने पर नदी पार लगाने वाला नाविक है, उसी प्रकार भागवत रूपी नौका में बैठने पर भगवान भव सागर से पार लगाते हैं। जुगल किशोरदास महाराज, रामकिशोर दास महाराज, मनमोहन दास महाराज के सानिध्य में निकली कलश यात्रा में देवेन्द्र-विमला चोटिया, महेन्द्र-रीना चोटिया, कमल-सुनीता चोटिया, कमला-पृथ्वीराज नवहाल, कांता-चुन्नीलाल नवहाल, तुलसी-दिनेश कुमार काछवाल, निर्मला.हेमंत जोशी, जगदीश प्रसाद शास्त्री, मोहित शास्त्री, भागीरथ करवा, दामोदर पीपलवा, राकेश रिणवा, श्यामलाल दर्जी, आनन्दीलाल गोठडिया, पवन दादलिका, अमरचंद सैन, भागीरथ चोटिया, रमेश चोटिया, हरि चोटिया, मानवेन्द्र मिश्रा, कमल कुमार गौड़, ताराचंद झुणझुणोदिया, अमरचंद सैन, हंसराज सोनी, सुनील सोनी, प्रमोद काछवाल, भगवती प्रसाद शर्मा, सांवरमल पीपलवा, विजय काछवाल, मुन्नालाल प्रजापत सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद थे।

# नौकरानी ने मालिक को लगाई लाखों की चपत

**जयपुर (नवयत्न)।** जगतपुरापुरा इलाके में घर में काम करने वाली शातिर नौकरानी अपने ही मालिक को चुना लगाकर वहां से लाखों रुपयों के सोने-चांदी के गहने और हजारों रुपयों की नकदी लेकर फरार हो गई। चोरी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने मालवीय नगर थाने पहुंच नौकरानी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा के पामकोर्ट कॉलोनी निवासी सोनिया उप्रेती ने मामला दर्ज करवाया है की करीब एक महीने पहले उन्होंने घरेलू कामकाज के लिए उन्होने नौकरानी रखी थी। 19 फरवरी को उसे कुछ कपड़े व्यवस्थित करने के लिए दिए गए थे। उन्हीं कपड़ों के बीच एक पाउच में करीब 65 हजार रुपए कैश और एक छोटी पोटली में 6-7 जोड़ी कानों के टॉप्स और सोने की दो चेन रखी हुई थी। इसके अलावा कपड़ों के नीचे उनके सोने के दो कंगन भी रखे हुए थे, जो अनजाने में उन्हीं कपड़ों के साथ चले गए। 21 फरवरी को नौकरानी खाटूश्यामजी मंदिर जाने का कहकर छुट्टी पर चली गई। पीड़िता ने गहने व नकदी संभाली तो गायब मिली। नौकरानी से पूछताछ करने के बाद पीड़िता को उस पर शक हुआ तो नौकरानी को काम से हटा दिया। जिसके बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी और घरेलू नौकरानी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर घरेलू नौकरानी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित

निसं



**लोसल (नवयत्न)।** बाबा खींवादास स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगलिया में आयोजित उमंग 2026 के वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह में वर्ष भर में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस के गुप्ता ने बताया कि सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर स्वामी ओमदास महाराज के परम् सानिध्य में सम्पूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमे कालबेलिया नृत्य, शिव तांडव स्त्रोत नृत्य, राजस्थानी, पंजाबी, हरियाणवी सहित आदि राज्यो की संस्कृतियो को नृत्य के माध्यम से प्रदशित किया गया। इस मौके पर राजस्थान सरकार में स्वायत शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि बाबा खींवादास महाराज द्वारा 30 वर्ष पूर्व लगाया गया पौधा आज वट वृक्ष बन गया है स्वामी ओमदास महाराज का अथक परिश्रम का ही प्रतिफल है की क्षेत्र का सबसे सुरक्षित व संस्कारित कॉलेज के लिए अपनी पहचान रखता है। बाबा खींवादास महाराज की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ओमदास महाराज ने बाबा बंशीदास हॉस्पिटल का बीड़ा उठाया है। जो बनकर जल्दी तैयार हो जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में राजस्थान सरकार में स्वायत शासन मंत्री श्री झाबरसिंह खर्रा, जन सेवा ट्रस्ट कोलकाता के चेयरमैन श्री आर पी पंसारी, सीकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, सांगलिया सरपंच मनोहरी देवी, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन गोविंदराम बिजारणिया, जिला परिषद सदस्य रणवीर सिंह बिजारणिया, भामाशाह नारायण सिंह नरुका, गोशाला अध्यक्ष सत्यनारायण कालिका तथा बडी संख्या में सरपंचगण, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के निदेशक सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ सदस्य, एनसीसी कैडेट्स व छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। अंत मे सचिव अमरसिंह धीरज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महिलाओं के प्रति अपराधों के बारे में दी जानकारी



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में सीआई बैगाराम मीणा के निर्देशन में सुरक्षा सखियों की बैठक का आयोजन किया गया। महिला कांस्टेबल सुनीता ने ऑपरेशन गरिमा के तहत समस्त सुरक्षा सखियों को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों, उनसे बचाव और उपचार, बाल अपराध आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी प्रकार हाल ही में आए नए कानूनों के बारे में भी बताया गया। बैठक के दौरान डॉ कोमल गौड़, डॉ. योगिता सक्सेना, सुधा करवा, जरीना, सुमित्रा जोगी सहि अनेक लोग मौजूद रहे।

# बहुजन समाज के प्रणेता कांशीराम की जयंती मनाई



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा स्थित त्रिलोक आश्रम के बुद्धा मेडिटेशन सेंटर में रविवार को बहुजन समाज के प्रणेता कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई। बौद्ध समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कांशीराम के छायाचित्र पर केंडल प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गौतम बुद्ध की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर आनंद बौद्ध ने कांशीराम के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांशीराम का पूरा जीवन बहुजन समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने बहुजन समाज को संगठित कर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, जिसके कारण उन्हें बहुजन नायक के रूप में याद किया जाता है। डॉ बीआर बौद्ध ने कांशीराम को एक महान समाज सुधारक, राजनेता और बहुजन आंदोलन का प्रणेता बताया। उन्होंने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को राजनीतिक रूप से संगठित करने के लिए 1978 में बीएएमसीईएफ, 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। बौद्ध ने यह भी बताया कि कांशीराम के संघर्ष और विचारों के कारण ही मायावती उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री बनी। उन्होंने उपस्थित लोगों से कांशीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया

**ये रहे मौजूद**-इस कार्यक्रम में उपासिका बुद्ध प्रिया बौद्ध, धम्मप्रिया बौद्ध, सुरभि गौतम सहित उपासक डॉ बीआर बौद्ध, आनंद बौद्ध, लालचंद, धम्मशील, रवीन्द्र, मुकेश, पंकज, संदीप, नरेश, नौरत, तनुज, पवन और रामेश्वर समेत अनेक उपासक-उपासिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सब्बसुख गाथा के साथ हुआ।

# शिविर में खेलकूद गतिविधियां आयोजित



**नोखा (नवयत्न)।** बाबा छोटू नाथ जी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का दूसरा दिन विभिन्न खेलकूद तिविधियों के नाम रहा। प्रथम सत्र प्रार्थना व सूर्य नमस्कार के साथ प्रारम्भ हुआ। क्रिकेट मैच में मैन ऑफद मैच दिलीप छिम्पा रहा, 100 मी दौड़ में प्रथम स्थान पर सतपाल बिश्नोई, चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान पर संदीप मेहरड़ा, शतरंज में स्वरूप उपाध्याय विजेता रहे। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने जलेबी, सब्जी-रोटी का भोजन किया, उसके पश्चात विद्यालय परिसर में श्रमदान किया व विद्यालय में डिजिटल जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता व मेरा युवा भारत एवं डिजीटल साक्षरता के लिये युवा पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्रभारी मनोज प्रजापत, व्याख्याता राकेश लीलड़, सुरेश डेलू, नरेंद बिश्नोई मौजूद रहे।

# म्यूजियम लोकार्पण समारोह के बैनर का हुआ अनावरण

**बुगाला (नवयत्न)।** गांव में बनने जा रहे म्यूजियम के लोकार्पण समारोह की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में रविवार को गणेश नारायण जन सेवा ट्रस्ट के भंवरसिंह शेखावत, अरुण केडिया, डॉ सुरेंद्र सोनी, डॉ रोहिताश्व शर्मा, रमाकांत शर्मा आदि ने म्यूजियम लोकार्पण समारोह के बैनर का विधिवत अनावरण किया गया। कपिल कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में जुगलकिशोर पेंटर, सांवरमल बाजिया, विराज, धीरज, मुरारीलाल पारासर सहित गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान भंवरसिंह शेखावत ने कहा कि म्यूजियम का निर्माण क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने के उद्देश्य से किया गया है। यह म्यूजियम आने वाली पीढ़ियों को गांव के इतिहास, परंपराओं और लोक संस्कृति से रूबरू कराएगा। बैनर अनावरण के साथ ही आगामी लोकार्पण समारोह की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि समारोह को भव्य बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है और गांव के लोग बढ़-चढ़कर जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। म्यूजियम का लोकार्पण गांव के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीण शामिल होंगे। समारोह को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



## राजस्थान दिवस समारोह

# राज्य स्तरीय ओडीओपी और जयपुर रत्नम प्रदर्शनी 19 मार्च तक

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर प्रदेश में 14 से 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य स्तर और सभी जिलों में ओडीओपी एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी और उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त सुरेश ओला ने रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आरआईसी में राज्य स्तरीय और जयपुर रत्नम प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में सभी जिलों के ओडीओपी उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जहां से इन्हें खरीदा भी जा सकता है। इन दोनों प्रदर्शनियों में ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 120 स्टॉल लगाई गई हैं। आमलोग 19 मार्च तक सुबह 10 से शाम 7 बजे तक अवलोकन कर सकते हैं। जयपुर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र और राजस्थान लघु उद्योग निगम राजसिको द्वारा जेम्स एंड ज्वेलरी प्रदर्शनी-2606 जयपुर रत्नम लगाई गई है। इसमें जिले के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 80 स्टॉल लगाई गई है। राजस्थान दिवस समारोह के तहत स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी जिलों में ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इनमें जिले आर्टिजन अपने उत्पादों के बारे में आमलोगों को जानकारी दे रहें और उनकी बिक्री भी कर रहे हैं।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** ग्राम पंचायत बेरी में टीबड़ा हॉस्पिटल, बसन्त विहार सीकर के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 220 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं एवं नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में टीबड़ा हॉस्पिटल के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पाइन सर्जन डॉ रमाकांत टीबड़ा तथा फिजिशियन डॉ अशोक कुमार और उनकी टीम ने मरीजों की जांच कर उपचार संबंधी सलाह दी। इस दौरान डॉक्टरों ने ग्रामीणों को रोबोट तकनीक से घुटना रिप्लेसमेंट के लाभों के बारे में जानकारी दी तथा बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। चिकित्सा शिविर के दौरान 15 मरीजों को दर्द के लिए ट्रिगर पॉइंट इंजेक्शन लगाए गए जबकि 20 मरीजों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। इनमें 5 स्पाइन सर्जरी, 12 घुटना रिप्लेसमेंट तथा 5 अन्य प्रकार के ऑपरेशन शामिल हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा आज से

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा उपखण्ड क्षेत्र के काकड़ा ग्राम में श्रीकृष्ण गौशाला सेवा समिति एवं ग्राम वासियों की ओर से श्री कृष्ण गौशाला परिसर में सोमवार 16 मार्च से 22 मार्च 2026 तक गौसेवार्थ सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 12:00 से सांय 4 बजे तक आयोजित होगी । कथा से पूर्व प्रात: 10 बजे कलश यात्रा का आयोजन होगा । काकड़ा के पूर्व पटवारी एवं नोखा की श्री गंगा गौशाला कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रचन्द मोदी ने काकड़ा गौशाला संचालक लक्ष्मणराम डेलू व बनवारीलाल डेलू के हवाले से बताया की कथा वाचक श्रद्धेय संत कृपारामजी महाराज अपनी अमृतमयी मधुर वाणी से कथा का रस्सास्वादन करवाएंगे । इन्होंने बताया की कथा के दौरान 19 मार्च को एक शाम गौ माता के नाम-भजन संध्या का भी आयोजन होगा।

# स्कॉर्पियो और पिकअप की टक्कर में एक की मौत, 8 घायल

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सालासर रोड़ स्थित लोढ़सर गांव के पास हुए स्कॉर्पियो और पिकअप कीभीड़न्त में 9 लोग गंभीर घायल हो गए। राहगीर मुकेश खटीक की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, सिकंदर, आशीष सोनी, महावीर गोदारा लोडसर, बोदू गोदारा, जग्गू सिंह, मनोज प्रजापत, चंदू आदि की सहायता से घायलों को बगड़िया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू करावाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने स्कार्पियो सवार सूरज 25 पुत्र कुंदन सिंह, निवासी उत्तराखंड को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों मे स्कार्पियो सवार सचिन पुत्र हरद्वारी लाल बिश्नोई, भादरा, भरतलाल पुत्र स्वराज बिश्नोई, अंगूरी पत्नी संतलाल बिश्नोई, आनंद पुत्र संतलाल बिश्नोई, सुनीता पत्नी आनंद बिश्नोई, दयानन्द पुत्र भरतलाल बिश्नोई, पिक अप सवार राजेंद्र पुत्र कुरड़ा राम निवासी सोंथली नवलगढ़, कपिल पुत्र मनरूप जाट, निवासी रामलालपुरा उदयपुरवाटी के है। जानकारी के मुताबिक स्कार्पियो सवार सालासर साइड से मुकाम की तरफ जा रहे थे तथा पिक अप सवार सुजानगढ़ साइड से सालासर साइड जा रहे थे। टक्कर बहुत भीषण थी, आसपास के लोगो ने घायलों को गाड़ियों से बाहर निकाला। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ भी मौके पर पहुंची तथा मामले की जानकारी ली। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जाँच कर रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम परिजनों के आने के बाद सोमवार को होने की सम्भावना है।

# नगर परिषद बेखबर, रहवासी अपने खर्चे से सुधार रहे सड़क



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर के पॉश इलाके इंदिरा नगर स्थित सुभाष मार्ग की सड़कों की हालत इन दिनों बदहाल बनी हुई है। सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि इस मार्ग पर दर्जनों डॉक्टरों के क्लिनिक और छोटे-बड़े अस्पताल स्थित हैं जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन रहता है लेकिन इसके बावजूद नगर परिषद की ओर से सड़क की मरम्मत को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत की मांग की जा रही है लेकिन जिम्मेदारों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में परेशान होकर क्षेत्र के रहवासियों ने अपने स्तर पर ही सड़क के गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया। वार्डवासियों ने अपने खर्चे से बजरी, रोड़ी और सीमेंट मंगवाकर टूटे हिस्सों और खड्डों को भरने का प्रयास किया ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। पूर्व नगर परिषद कर्मचारी काशम अली, हिमालय डिपार्टमेंट स्टोर के मालिक प्रमोद कुमावत तथा चाय का ठेला लगाने वाले सुनील सहित अन्य स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मरीजों को लेकर अस्पताल पहुंचने वाले वाहनों को भी काफी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है ताकि इस व्यस्त मार्ग पर आवागमन सुचारु हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

# प्रबुद्ध विचारक और वरिष्ठ पत्रकार बारेठ की स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा

निसं



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** प्रबुद्ध विचारक एवं वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ का असामयिक निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है ।

ये विचार उनकी स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में निकेतन सचिव राजीव उपाध्याय ने व्यक्त किए। श्री गांधी बाल निकेतन प्रांगण आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वण्बारेठ अपनी निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता तथा सादगीपूर्ण जीवन के लिए जाने जाते थे। एडवोकेट बजरंग गुर्जर ने बारेठ के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा प्राप्त करने का आह्वान किया। पूर्व सीबीईओ मोहम्मद अनवर कुरैशी ने उनके सम्मान में पत्रकारिता पुरस्कार की स्थापना करने का विचार रखा। पत्रकार प्रदीप लड्ढा, राजेंद्र सिंह बिदावत, धन्नाराम प्रजापत, समर्थ सामोर, अलका पालावत, मनोज चारण आदि ने बारेठ का पुण्य स्मरण करते हुए शब्द सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सी आई गौरव खिड़िया, एडवोकेट अशोक उपाध्याय, पत्रकार मनोज पारीक, एडवोकेट निर्मल भुढ़ाढ़रा, हरिप्रसाद हर्षवाल, प्रकाश चारण, सचिन विरमानी, रामनारायण व्यास, ओमप्रकाश तापड़िया, अनिल लाटा, विश्वनाथ सोनी, सीताराम जांगिड़, नवरत्न सोनी, सुरजीत सिंह, सुनील सिंह चरण आदि उपस्थित थे।

# एक जिला एक उत्पाद एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी आयोजित



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, झुंझुनू तथा लघु उद्योग भारती संघ के संयुक्त तत्वावधान में ष्एक जिला एक उत्पाद एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 15 मार्च से 19 मार्च 2026 तक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, झुंझुनू के परिसर में आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के कारीगरों और स्थानीय उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत जिले के चयनित उत्पाद वुडन हैंडीक्राफ्ट और लकड़ी से निर्मित वस्तुओं की विशेष स्टॉल्स लगाई गई हैं। इन स्टॉल्स पर स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार की गई विभिन्न प्रकार की आकर्षक, पारंपरिक और उपयोगी लकड़ी की वस्तुएं तथा अन्य हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो जिले की पारंपरिक कला, कौशल और रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने तथा उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध कराने का अवसर मिल रहा है। साथ ही आमजन को भी स्थानीय स्तर पर निर्मित गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को देखने और खरीदने का अवसर प्राप्त होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक अभिषेक चोबदार ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करना है। इसके साथ ही युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित करना भी इस आयोजन का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। प्रदर्शनी में लघु उद्योग भारती संघ के अध्यक्ष रोहिताश बंसल, सचिव सुरेंद्र केडिया, प्रदीप कुमार चाहर,राजकुमार चौधरी, नरेश केजरीवाल, अनिल भौड़कीवाले, विवेक केडिया, पवन केडिया, श्रवण गोयनका, पवन कुमावत, महेश, केलाश जांगिड़ एवं रतन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र ने नागरिकों, व्यापारियों और आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में पहुंचकर स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों का उत्साहवर्धन करें और जिले के उत्कृष्ट हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन करें।

# बिना दहेज रचाई शादी

निसं



**चिड़ासन (नवयत्न)।** सुलताना कस्बे के दूल्हे ने बिना दहेज शादी कर समाज के लिए एक मिसाल प्रस्तुत की है। ससुराल पक्ष से केवल एक रुपया और नारियल प्राप्त कर दुल्हन को उसके घर से विदा करने अपने घर लाया। दूल्हे की इस फैसले की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। दुल्हा प्रखर लाम्बा पुत्र सुनील लाम्बा सुल्ताना की शादी 11 मार्च को लीलाधर दहिया की बेटी ऋतिका के शुगन साथ एक रुपया और नारियल लेकर तह हुई थी। दूल्हे ने एक रुपया नारियल लेकर समाज एक उदाहरण पेश किया है।

# पशु चिकित्सालय में 8 महीने बाद डॉक्टर की हुई नियुक्ति



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में करीब 8 महीनों से पशु चिकित्सालय में कोई डॉक्टर नहीं होने के कारण पशु पालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रविवार को लंबे समय से चल रहे रिक्त पद पर डॉक्टर सुनील कुमार तमोली ने पदभार ग्रहण किया। इस पूर्व तमोली सेहला में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। पदभार ग्रहण के बाद गौ माता का आशीर्वाद लेने के लिए श्री राजलदेसर गौशाला पहुँचे जहां गौशाला परिवार के द्वारा उनका दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉक्टर तमोली ने कहा कि पशुपालन विभाग की जितनी भी योजनाएं है उनका अधिक से अधिक क्षेत्र के पशुपालकों लाभ मिले सकें। इस अवसर पर गौशाला के मंत्री ललित दाधीच, उपमंत्री रतनलाल बारुपाल, हड़मान सोनी, एडवोकेट रोहित मारू, विनोद भाटिया, मदन दाधीच, राधेश्याम पाण्डे, एडवोकेट विकास मारू, शिवभगवान सोनी, डॉक्टर मुकनी कुमारी भरपालसर, पूनम चौधरी, बुधराम मीणा जेगनिया, विक्रम एशुभकरण आदि मौजूद रहे ।

# सड़क हादसे में वाहन चालक घायल

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में नेशनल हाइवे 11 पर बीकानेर पुलिया के पास गत सायं हुए सड़क हादसे में एक वाहन का 33 वर्षीय चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाड़मेर निवासी 33 वर्षीय ओमप्रकाश टैंकर में सीमेंट का केमिकल भरकर बीकानेर से रतनगढ़ की तरफआ रहा था। उसके आगे एक ट्रेलर चल रहा था, जिसके आगे गोवंश आ जाने के कारण उसने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे टैंकर की भिड़ंत हो गई तथा घटना में ओमप्रकाश घायल हो गया, जिसे डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर कर दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना का समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

# राजस्थान स्थापना दिवस प्रदेश के विकास और समृद्धि के संकल्प को मजबूत करने का दिन : राठौड़

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** चैत्र प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत रविवार को जिला खेल स्टेडियम में विकसित राजस्थान रन का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर ने रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और दौड़ लगाकर प्रतिभागियों को बेहतर स्वास्थ्य व खेल गतिविधियों में रुचि से भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया। विकसित राजस्थान रन जिला खेल स्टेडियम से पंखा सर्कल होते हुए नेचर पार्क पहुंची। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान दिवस केवल उत्सव का अवसर ही नहींए बल्कि प्रदेश के विकास और समृद्धि के संकल्प को मजबूत करने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और ऐसे आयोजन युवाओं को फिट और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि नियमित खेलकूद और व्यायाम स्वस्थ जीवन की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान का सपना तभी साकार होगा जब प्रदेश का युवा स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, बसंत शर्मा, चंद्राराम गुरी, सीईओ श्वेता कोचर, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एमएम पुकार, एसीईओ भागचंद खारिया, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, सुरेश सारस्वत, सीपी शर्मा, सत्तार खान, हरीश वर्मा, धर्मेंद्र राकसिया, रजत शर्मा, डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत, नर्सिंग अधीक्षक बजरंग हर्षवाल, डॉ रविन्द्र बुडानिया, डॉ हेमंत मंगल, सूर्यकांत चोटिया सहित एनसीसीए स्काउट, पुलिस के जवान, अधिकारी, कर्मचारी व युवाओं ने दौड़ लगाई।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ जल महोत्सव मनाया



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाई द्वारा रविवार को महाविद्यालय परिसर में तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में राजस्थान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, इतिहास एवं परंपराओं को जानने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल हमारे जीवन का अमूल्य आधार है और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। शिविर का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक साफ-सफाई कर एकत्रित कचरे का उचित निस्तारण किया तथा स्वच्छता का संदेश दिया। द्वितीय सत्र बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित किया गया। राजस्थान दिवस के अवसर पर राजस्थान को जानें विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, राजस्थान की संस्कृति एवं विरासत पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स का प्रशिक्षण कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टेक फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मंगलवार को सुबह 10 से 2 बजे तक खाटूश्यामजी में चौखानी धर्मशाला तथा 2 बजे से 6 बजे तक सीकर में दीवान जी धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई के विक्रेता दुकानदार, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील के कुक, विभिन्न आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य सहित सभी प्रकार के खाद्य व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा मिठाई और नमकीन विक्रेता, होटल-रेस्टॉरेंट संचालक, डेयरी संचालक, थोक व खुदरा किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी,फल-सब्जी विक्रेता, चाय की थड़ी लगने कचोरी-पकौड़ी बनाने वाले और सभी स्ट्रीट वेंडर्स इस प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान खाद्य व्यापारियों को रीयूज्ड बुकिंग ऑंकल आरयूसीओ के उपयोग और उससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही खाद्य व्यापारियों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री तैयार करने के नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया जाहल। जिन साप व्यापारियों को अपना फूड लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन बनवाना है, वे प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल और स्वयं कर फोटो साथ लेकर आएं। सभी फूड हैंडलर्स को प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।

# एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर घबराएं नहीं, कंट्रोल रूम से करें संपर्क

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि एलपीजी गैस की आपूर्ति पर्याप्त है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों या पैनिक की स्थिति में आने की जरूरत नहीं है। प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला रसद अधिकारी डॉ. निकिता राठौड़ ने बताया कि एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या, शिकायत या जानकारी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आमजन कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01592-232237 पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा तथा संबंधित एजेंसियों से समन्वय कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे संयम बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।



# मिस ग्लैम राजस्थान के ऑडिशन में 1500 से अधिक पार्टिसिपेंट्स दिखाया अपना हुनर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान की उभरती मॉडल्स को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट मिस ग्लैम राजस्थान 2026 के पहले जयपुर ऑडिशन का आयोजन रविवार को सोडाला स्थित क्लब टेडी में किया गया। यह शो इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन ब्लैक रॉक होटल्स एंड रिसोर्ट और राजवेश द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि फर्स्ट इंडिया 24, अनंत महल, अनंता स्पा एंड रिसोर्ट जयपुर और टेडी क्लब इसके एसोसिएट पार्टनर हैं। शो डायरेक्टर कीर्ति टांक ने बताया कि यह प्रतियोगिता राजस्थान की नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें फैशन व मॉडलिंग इंडस्ट्री में आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत मंच साबित होगी। कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान के विभिन्न शहरों से आईं लगभग 1500 मॉडल्स ने ब्लैक वन पीस ड्रेस ड्रेस कोड के अनुसार ऑडिशन में पार्टिसिपेट किया। उन्होंने आगे बताया कि शो के चयनित सेमीफाइनलिस्ट्स के लिए 5 दिन का विशेष ग्रूमिंग वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद फाइनलिस्ट्स के लिए 3 दिन का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 5 अप्रैल को अनंत महल रिसोर्ट में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में टॉप विनर्स को तीन स्कूटर्स के साथ साथ अन्य विजेताओं को ढेरों ग्रैंड प्राइजेस दिए जाएंगे। ऑडिशन के दौरान पवन टांक डायरेक्टर मिस इंडिया ग्लैम, ज्योति टांक डायरेक्टर इंडिया ग्लैम, सौम्या शर्मा मिस इंडिया ग्लैम रेडिएंट 2024, ख्वाहिश सैनी मिस इंडिया ग्लैम इंटरनेशनल 2024,शीतल विश्वकर्मा मिस इंडिया ग्लैम राजस्थान 2025 और रश्मि राठौड़ ग्रूमिंग एक्सपर्ट बतौर जूरी मेंबर उपस्थित रहे, जिन्होंने कैंडिडेट्स के टैलेंट को विभिन्न चरणों में परखा।

इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित हस्तियां भी उपस्थित रहेंगी, जिनमें क्लब टेडी के ओनर अश्विन बेनीवाल, राजवेश के चेयरमैन रमेश नर्नोलिया, ब्लैक रॉक के डायरेक्टर्स अमित सरिन, गौरव मुद्गल और अंशुल भार्गव, अनंत महल के जीएम लोकेन्द्र सिंह, आईएएस नीरज के पवन, आरएएस एसोसिएशन प्रेसिडेंट महावीर प्रसाद खराड़ी, सफारी ग्रुप डायरेक्टर पवन गोयल शामिल रहे।

# ट्रैफिक नियमों की भांति करियर निर्माण में भी अनुशासन पहली शर्त

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** ट्रैफिक नियमों की भांति करियर निर्माण में भी अनुशासन पहली शर्त है । नोखा पुलिस स्टेशन में पद स्थापित सब इंस्पेक्टर तनसुख ने श्शारदा क्लासेज नोखा में विद्यार्थियों को करियर निर्माण की प्रेरणा ट्रैफिक रूल्स से तुलना करते हुए प्रदान की। अपने विचार व्यक्त करते हुए तनसुख ने सावधानी हटी दुर्घटना घटी के श्लोगन को बताते हुए करियर निर्माण में एक गलत रास्ता जीवन को बर्बाद कर सकता है । ट्रैफिक रूल्स का पालन करते हुए




सुरक्षित जीवन के लिए सीट बेल्ट, हेलमेट, रेडलाइट पर रुकने का पालने करने की बात विद्यार्थियों को जीवन में उतारने की रखी।

नोखा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवनारायण भादू ने द्रोणाचार्य और एकलव्य के प्रसंग से प्रेरित करते हुए परिश्रम और संस्कारित जीवन से करियर निर्माण पर अपना ध्यान केंद्रित करने की विद्यार्थी जीवन की पहली प्राथमिकता बताया। उज्वल करियर निर्माण के लिए नई स्किल सीखने के लिए प्रेरित किया। जी के जी नमकीन, भुजिया के व्यापारी और भामाशाह सुनील ने संघर्ष ही जीवन है कि तर्ज पर भाग्य की चाबी परिश्रम को बताया। मुरलीधर गोदारा ने राजनीति में पब्लिक रिलेशनशिप की महत्ता बताते हुए करियर निर्माण में किताबों से विद्यार्थी के अटैचमेंट को महत्वपूर्ण बताया। शारदा क्लासेज संचालक बलराम ने बीएसटीसी के सिलेबस और टेस्ट सीरीज का महत्व बताया। आए हुए मेहमानों के कर कमलों द्वारा सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करवाया गया। श्रवण कुलड़िया ने मेहमानों आभार व्यक्त किया। मोटिवेशनल सेमिनार में शिक्षाविद दिनेश उपाध्याय, दिनेश सारण, लोकेश चौधरी, कैलाश चौधरी, मालचंद, लोकेंद्र राठौड़, दिनेश कुलड़िया की उपस्थिति रही। सेमिनार का मंच संचालन शिक्षाविद् पीसी सांचौरी ने किया।

# 117वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

निसं

**रींगस (नवयत्न)।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा कस्बे की रामानंद पाठशाला में रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 117वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर के भामाशाह रोटरी सचिव राजेंद्र यादव निदेशक श्रीजी ब्रांड खल रहे, जिन्होंने शिविर का संपूर्ण आर्थिक भार वहन किया। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डॉ. अजय सक्सेना, सह-प्रांतपाल डॉ. भंवर सिंह ताखर, रोटरी अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता, बाबू लाल अग्रवाल, पी.एस. राजपूत, रघुनाथ जाट, सुभाष बिजारणिया, झाबर बिजारणिया, मुकेश कुमार शर्मा, एडवोकेट दीपक बाजिया तथा सरदार मान द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर संयोजक झाबरमल निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब रींगस द्वारा यह नि:शुल्क चिकित्सा एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को आयोजित किया जाता है। शिविर में डॉ. अजय सक्सेना द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा, डॉ. भंवर सिंह ताखर द्वारा फिजियोथैरेपी चिकित्सा, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता द्वारा बाल एवं शिशु रोग तथा पी.एस. राजपूत द्वारा घरेलू नुस्खों से कुल 46 मरीजों का उपचार किया गया।

शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर की टीम द्वारा 62 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 43 रोगियों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा तथा उपचार के बाद वापस रींगस छोड़ा जाएगा। रोटरी क्लब रींगस द्वारा आयोजित शिविरों में अब तक 3267 लेंस प्रत्यारोपण कर लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान की जा चुकी है। शिविर में शंकरा आई



हॉस्पिटल से डॉ. नेहा, शिविर प्रभारी दीनदयाल पंवार, नर्सिंग स्टाफ सविता, नवजोत, गुरप्रीत तथा यश ने अपनी सेवाएं दीं। साथ ही जगदीश एवं सुमित काबरा ने होम्योपैथिक दवा वितरण में सहयोग प्रदान किया। रोटरी क्लब रींगस द्वारा अप्रैल माह में निशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण कैंप रविवार 19 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट अनुष सैन, दिग्वेंद्र सिंह, कमलेश धायल, दशरथ और प्रिंस ने सहयोग प्रदान कर शिविर को सफ्ल बनाया।

# किश्त लाने जा रहे युवक की तबीयत बिगड़ने से मौत

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में निजी फाइनेंस कंपनी की किश्त लाने जा रहे 26 वर्षीय युवक की रास्ते में तबियत बिगड़ गई। युवक को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर राजलदेसर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि शहर के वार्ड संख्या चार निवासी परमेश्वरलाल प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि उसका 26 वर्षीय पुत्र भागीरथ एक निजी फाइनेंस कंपनी में राजलदेसर में काम करता था। गत दिवस को भागीरथ राजलदेसर से बाइक पर सवार होकर किश्त लेने जैतासर जा रहा था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190